वर्ष : 05 अंक : 15

गाजियाबाद, गुरुवार 07 मई 2026

पृष्ठ-6 मूल्य : दो रूपये

RNI No - UPHIN/2022/84480

E-mail: swastiksaharanews@gmail.com

www.swastiksahara.com

नई दिल्ली, हरियाणा, गुरुग्राम, लखनऊ, नोएडा, मेरठ, हापुड़ और एनसीआर में सर्वाधिक प्रसारित

स्वास्तिक सहारा

गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

सही काम करने के लिए समय हर वक्त ही ठीक होता है।



# गाजियाबाद में बदमाशों ने दिनदहाड़े फायरिंग कर एटीएम कैश वैन लूटी

## ड्राइवर को बंधक बनाकर 25 लाख नकद लेकर बदमाश हुए फरार

स्वास्तिक सहारा संवाददाता



**गाजियाबाद।** शहर के क्रॉसिंग रिपब्लिक थाना क्षेत्र में बुधवार दोपहर उस समय सनसनी फैल गई जब बदमाशों ने दिनदहाड़े एटीएम में कैश भरने आई कैश वैन को निशाना बनाते हुए बड़ी लूट की वारदात को अंजाम दे दिया। हथियारबंद बदमाशों ने चालक को गन प्वाइंट पर बंधक बनाकर कैश वैन लूट ली और करीब 23 लाख रुपये लेकर फरार हो गए। घटना के दौरान फायरिंग की भी सूचना है, जिससे आसपास के लोगों में दहशत फैल गई। जानकारी के अनुसार इंडिया वन कंपनी की कैश वैन बुधवार दोपहर करीब एक बजे क्रॉसिंग रिपब्लिक क्षेत्र स्थित एचपी पेट्रोल पंप के पास एटीएम में नकदी डालने पहुंची थी। सुरक्षाकर्मी और अन्य कर्मचारी एटीएम के अंदर कैश भरने चले गए, जबकि चालक वैन के पास मौजूद था। इसी दौरान पैदल आए चार बदमाश अचानक पहुंचे और चालक को हथियारों के बल पर नीचे उतारकर अपने कब्जे में ले लिया। बदमाश कैश वैन लेकर मौके से फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही सुरक्षाकर्मियों और स्टाफ ने तत्काल कंट्रोल रूम को सूचना दी। पुलिस ने पूरे जिले में नाकेबंदी कर चेकिंग अभियान शुरू कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वारदात के दौरान बदमाशों और सुरक्षा कर्मियों के बीच फायरिंग भी हुई, जिससे इलाके में अफरातफरी का माहौल बन गया। पुलिस जांच में सामने आया है कि लूट में इस्तेमाल की गई गाड़ी दिल्ली नंबर की थी, जिससे बदमाशों के बाहरी गिरोह से जुड़े होने की आशंका जताई जा रही है। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी कैश वैन को दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर मसूरी थाना क्षेत्र के कुशलिया गांव के सामने छोड़कर फरार हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और खाली कैश वैन को बरामद कर लिया। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि कैश वैन में करीब 25 लाख रुपये थे, जिनमें से लगभग 23 लाख रुपये बदमाश लेकर भागने में सफल रहे। पुलिस अधिकारियों के अनुसार कैश वैन पहले ही तीन एटीएम में नकदी डाल चुकी थी और चौथे एटीएम में कैश डालने के दौरान वारदात हुई। घटना के बाद पुलिस ने चालक सहित तीन कर्मचारियों से गहन पूछताछ शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि कर्मचारियों के बयान बार-बार बदल रहे हैं, जिसके चलते उन्हें भी जांच के दायरे में रखा गया है। कंपनी से नकदी से संबंधित पूरा रिकॉर्ड तलब किया गया है ताकि लूटी गई राशि की सही जानकारी सामने आ सके। डीसीपी धवल जायसवाल ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की आठ विशेष टीमों का गठन किया गया है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और क्राइम ब्रांच तथा फोरेंसिक टीम को जांच में लगाया गया है।

# वंदे मातरम गीत को राष्ट्रगान जैसा दर्जा

## कैबिनेट की मंजूरी: अपमान करने या गायन में बाधा डालने पर सजा-जुर्माना

स्वास्तिक सहारा नेटवर्क



**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल और असम में शानदार जीत के बाद, नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रगान वंदे मातरम को जन गण मन के समान दर्जा देने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। यह निर्णय पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल, असम और पुडुचेरी - इन चार राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश - के चुनाव परिणामों के बाद मंगलवार को हुई पहली कैबिनेट बैठक में लिया गया। मंत्रियों ने पश्चिम बंगाल में ऐतिहासिक जीत बताते हुए प्रधानमंत्री को बधाई भी दी। अधिकारियों के अनुसार, सरकार ने राष्ट्रीय सम्मान के अपमान की रोकथाम संबंधी अधिनियम में संशोधन को मंजूरी दे दी है ताकि वंदे मातरम को भी उसी कानूनी ढांचे के अंतर्गत लाया जा सके जो वर्तमान में राष्ट्रगान को संरक्षण प्रदान करता है। इसके लागू होने के बाद, वंदे मातरम के गायन के दौरान किसी भी प्रकार का अनादर या बाधा डालना संज्ञेय अपराध माना जाएगा। राष्ट्रीय ध्वज, संविधान या राष्ट्रगान के अपमान से जुड़े मामलों में दंड का प्रावधान है, जिसमें कारावास, जुमार्ना या दोनों शामिल हैं। प्रस्तावित संशोधन वंदे मातरम पर भी इन प्रावधानों को लागू करेगा, जिसका अर्थ है कि उल्लंघन करने पर भी इसी तरह के कानूनी परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। मौजूदा नियमों के तहत, कोई भी व्यक्ति जो जानबूझकर राष्ट्रगान गाने में बाधा डालता है या उसे बाधित करता है, उसे 3 साल तक का कारावास, जुमार्ना या दोनों का सामना करना पड़ सकता है। बार-बार अपराध करने वालों को कम से कम एक साल की कैद की सजा हो सकती है। उम्मीद है कि संशोधन लागू होने के बाद ये प्रावधान राष्ट्रगान पर भी लागू होंगे। बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित वंदे मातरम का भारत के स्वतंत्रता आंदोलन और सांस्कृतिक इतिहास में विशेष स्थान है। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब देश इस प्रतिष्ठित रचना की 150वीं वर्षगांठ मना रहा है, जिससे मंत्रिमंडल के इस निर्णय का प्रतीकात्मक महत्व और भी बढ़ जाता है। अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रीय ध्वज के अनादरपूर्ण उपयोग को रोकने के लिए 2005 में भी इसी प्रकार के संशोधन किए गए थे। पिछले वर्ष दिसंबर में संसद में हुई एक विशेष चर्चा के दौरान भी वंदे मातरम को समान दर्जा देने की मांग उठाई गई थी, जो इसकी 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित की गई थी। प्रस्तावित संशोधन को जल्द ही संसद में पेश किए जाने की उम्मीद है। यदि यह पारित हो जाता है, तो यह भारत द्वारा अपने राष्ट्रीय प्रतीकों को कानूनी रूप से मान्यता देने और उनकी रक्षा करने के तरीके में एक बड़ा बदलाव लाएगा।

# जनता के फैसले का अपमान, इस्तीफा न देने पर बीजेपी ने ममता बनर्जी को जमकर घेरा

स्वास्तिक सहारा नेटवर्क




**नई दिल्ली।** तेलंगाना भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष एन रामचंद्र राव ने बुधवार को तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी की हालिया चुनावों में अपनी पार्टी की हार के बाद मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने से इनकार करने की कड़ी निंदा की। राव ने तर्क दिया कि बनर्जी का यह कदम जनता के फैसले का अपमान है और देश के लोकतांत्रिक ढांचे को कमजोर करता है। एएनआई से बात करते हुए राव ने कहा कि ममता दीदी का इस्तीफा न देना जनता के फैसले और देश के पूरे लोकतांत्रिक ढांचे का घोर अपमान है। संविधान के अनुच्छेद 172 में कहा गया है कि मुख्यमंत्री का कार्यकाल केवल 5 वर्ष का होगा। अनुच्छेद 164 राज्यपाल को विधानसभा में बहुमत के आधार पर नए मुख्यमंत्री की नियुक्ति का अधिकार देता है। ममता बनर्जी संवैधानिक पद का आनंद ले रही थीं, और अब वे इस पद का अपमान कर रही हैं। यह हार जनता का फैसला है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सीआर केशवन ने भी बनर्जी के इस रवैये की आलोचना करते हुए इसे लोकतांत्रिक सिद्धांतों का घोर विश्वासघात बताया। उन्होंने बनर्जी पर संवैधानिक मूल्यों को कमजोर करने और जनविश्वास भंग करने का आरोप लगाया। केशवन ने एएनआई से कहा यह हमारे संवैधानिक मूल्यों पर सीधा हमला और जनविश्वास एवं जनादेश का घोर उल्लंघन है।उन्होंने बनर्जी की टिप्पणियों को उनकी निरंकुश मानसिकता का सूचक बताते हुए आगे कहा, ममता बनर्जी के ये अशोभनीय बयान उनकी गहरी निरंकुश मानसिकता को ही उजागर करेंगे, जो उनके 15 वर्षों के अराजक कुशासन को परिभाषित करती है, और यही वह सटीक कारण है जिसके चलते पश्चिम बंगाल की जनता ने उन्हें सत्ता से बेदखल कर दिया।

# बंगाल चुनाव में हुई बड़ी धांधली, अखिलेश ने चेताया- अब यूपी में नई साजिश करेगी बीजेपी

स्वास्तिक सहारा नेटवर्क



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पश्चिम बंगाल विधानसभा के हालिया चुनाव में बड़े पैमाने पर धांधली के आरोप लगाते हुए उच्चतम न्यायालय से इस मामले का संज्ञान लेने और इस राज्य में हुई मतगणना के सीसीटीवी फुटेज पूरे देश के सामने जारी करने की बुधवार को मांग की। यादव ने यहां संवाददाता सम्मेलन में यह भी कहा कि भाजपा नेताओं, अधिकारियों, कारोबारियों और ठेकेदारों का 'बहु-स्तरीय चुनावी माफिया' पश्चिम बंगाल में अपना खेल करने के बाद उत्तर प्रदेश विधानसभा के आगामी चुनाव में किसी नयी योजना के साथ काम करेंगे।

सपा प्रमुख ने बंगाल के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को फायदा पहुंचाने के लिए बड़े पैमाने पर धांधली किये जाने और बड़ी संख्या में वोट काटे जाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, ''हमारी मांग है कि उच्चतम न्यायालय तत्काल संज्ञान ले और बंगाल की मतगणना के सीसीटीवी फुटेज पूरे देश के सामने उपलब्ध कराये जाएं।'' यादव ने कहा कि जब अदालतों की कार्यवाही का सीधा प्रसारण हो सकता है तो मतगणना की प्रक्रिया का क्यों नहीं। उन्होंने पिछले कई विधानसभा चुनावों और उपचुनावों में हार-जीत के अंतर के आंकड़ों के ग्राफ पेश करते हुए निर्वाचन आयोग पर पक्षपात के गम्भीर आरोप लगाये तथा कहा कि पश्चिम बंगाल में जो हुआ है, उसे समाजवादी लोग उत्तर प्रदेश में पहले ही भोग चुके हैं।

सपा प्रमुख ने पश्चिम बंगाल में चुनाव प्रचार के लिए नहीं जाने को लेकर एक सवाल पर कहा, 'मैं कहीं भी चुनाव प्रचार के लिए नहीं गया। हमारे पास इतने संसाधन नहीं थे कि हम दूसरे राज्यों में चुनाव प्रचार के लिए जा सकें। हम यहीं उत्तर प्रदेश में हैं और यहीं का ध्यान रखते हैं।' तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद कांग्रेस द्वारा अभिनेता विजय की पार्टी तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) को समर्थन दिये जाने के ऐलान के बाद द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुख) के नाराजगी जताने पर यादव ने कोई सीधा जवाब नहीं दिया लेकिन कहा, 'हम क्यों बता दें कि किस पर भरोसा करेंगे और किस पर नहीं।' द्रमुक ने कांग्रेस के इस कदम को 'पीठ में छुरा घोंपने' जैसा बताया था। सपा प्रमुख प्रमुख ने बात को आगे बढ़ाते हुए कहा, 'मैं इस मामले में कुछ नहीं कर सकता। फिलहाल हमारा लक्ष्य उत्तर प्रदेश है। जब उत्तर प्रदेश में सपा सत्ता में आएगी, तो दिल्ली की सरकार चली जाएगी। हमने उन्हें उत्तर प्रदेश में हराया है इसलिए उनका 'चुनाव माफिया' हमें निशाना बनाएगा।'

यादव ने दावा किया कि पश्चिम बंगाल की 143 विधानसभा सीट पर मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत 20-20 हजार से ज्यादा वोट काटे गये और उनमें से 91 सीट भाजपा जीत गयी। उन्होंने कहा, ''आपको याद होगा कि यहां भाजपा के लोग घबरा गए थे, जब

# बच्चों के मन में झूठ का बीज बो रही हैं अंग्रेजी कविताएं, 'जॉनी-जॉनी यस पापा' पर भड़के यूपी के मंत्री

स्वास्तिक सहारा नेटवर्क



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने 6 मई को यह कहकर विवाद खड़ा कर दिया कि 'जॉनी जॉनी यस पापा' जैसी लोकप्रिय अंग्रेजी कविताएं भारतीय मूल्यों का प्रतिनिधित्व नहीं करतीं और बच्चों में झूठ बोलने की प्रवृत्ति पैदा करती हैं। कानपुर के मर्चेंट चैंबर हॉल में शिक्षा मित्रों (पैरा टीचर और संविदा शिक्षकों) की एक सभा को संबोधित करते हुए मंत्री ने पश्चिमी और पूर्वी मूल्यों के बीच अंतर पर भी बहस छेड़ दी, जो बच्चों के जीवन को प्रभावित करते हैं। अपने भाषण में मंत्री जी ने शिक्षकों से पाठ्यक्रम के साथ-साथ मूल्यों को सिखाने वाली प्रणाली विकसित करने का आग्रह किया। भारत की प्राचीन गुरु-शिष्य परंपरा का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षक छात्रों में मूल्यों का संचार तभी कर पाएंगे जब वे इस प्राचीन परंपरा का सम्मान करेंगे और स्वयं गुरु की भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को पाठ्यपुस्तक आधारित शिक्षा प्रणाली की सीमाओं से ऊपर उठकर छात्रों को दैनिक जीवन के छोटे-छोटे पाठों के माध्यम से सही मार्ग दिखाना होगा। इसके अलावा, उन्होंने पश्चिमी और पूर्वी मूल्य प्रणालियों के बीच अंतर पर जोर देते हुए कहा कि 'जॉनी जॉनी यस पापा' जैसी अंग्रेजी कविताएं वर्तमान पीढ़ी को आवश्यक मूल्य प्रदान नहीं करतीं और 'ईटिंग शुगर, नो पापा' जैसे वाक्यांश बच्चों को माता-पिता के सामने झूठ बोलने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

# तमिलनाडु में कांग्रेस बनी किंगमेकर, एक्टर विजय आज लेंगे सीएम पद की शपथ

## कार्यक्रम में राहुल गांधी भी होंगे शामिल

स्वास्तिक सहारा नेटवर्क



**नई दिल्ली।** तमिलनाडु कांग्रेस नेताओं ने चेन्नई स्थित टीवीके मुख्यालय में टीवीके प्रमुख विजय को समर्थन पत्र सौंपा। तमिलनाडु कांग्रेस कमेटी और कांग्रेस विधानमंडल दल (सीएलपी) ने टीवीके को सरकार बनाने के लिए पूर्ण समर्थन देने का निर्णय लिया है। विजय आज (07 मई) सुबह 10 बजे मुख्यमंत्री पद की शपथ ले सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक, विधानसभा चुनाव परिणामों के बाद राज्य में तेजी से बदलते राजनीतिक घटनाक्रमों के बीच, कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बुधवार को तमिलनाडु में शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने की संभावना है। यह घटनाक्रम तमिलनाडु कांग्रेस कमेटी और कांग्रेस विधानमंडल दल (सीएलपी) द्वारा अभिनेता-राजनेता विजय की पार्टी तमिलगा वेट्री कजगम (टीवीके) को सरकार बनाने के लिए पूर्ण समर्थन देने के निर्णय के बाद सामने आया है। इससे पहले, वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने चेन्नई स्थित टीवीके मुख्यालय में विजय से मुलाकात कर पार्टी के समर्थन से अवगत कराया था। हालांकि कांग्रेस के तमिलनाडु प्रभारी गिरीश चोडानकर ने कहा कि कांग्रेस, द्रमुक के साथ संपर्क में है और एमके स्टालिन की पार्टी 'इंडिया' गठबंधन का हिस्सा है। द्रमुक और कांग्रेस वर्ष 2004 से एक दूसरे की सहयोगी हैं। अतीत में भी कुछ मौकों पर दोनों का गठबंधन रहा है। टीवीके के नेता विजय ने कांग्रेस नेतृत्व को पत्र लिखकर समर्थन का आग्रह किया था, जिसके बाद पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल और तमिलनाडु प्रभारी गिरीश चोडानकर ने इस पर विचार किया और फिर तमिलनाडु प्रदेश कांग्रेस कमेटी को निर्देशित किया गया कि वह राज्य की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए निर्णय ले। कांग्रेस विधायक दल की बैठक में विजय को समर्थन देने के फैसले पर मुहर लगाई गई। इसी बैठक में कन्याकुमारी किल्लियूर विधानसभा क्षेत्र से विधायक एस राजेश कुमार को विधायक दल का नेता भी चुना गया।

# असम में नई सरकार बनाने की कवायद तेज, सीएम सरमा ने सौंपा इस्तीफा

## 11 मई के बाद होगा नई कैबिनेट का गठन



स्वास्तिक सहारा नेटवर्क

**नई दिल्ली।** असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने बुधवार को राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य से मुलाकात के बाद अपना इस्तीफा सौंप दिया, जिससे नई सरकार के गठन का मार्ग प्रशस्त हो गया।

विधानसभा चुनावों में एनडीए की जीत के बाद राज्य में नई सरकार के गठन का औपचारिक मार्ग प्रशस्त करते हुए मुख्यमंत्री ने राजभवन में राज्यपाल आचार्य से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री सरमा के साथ रानोज पेगू और मानव डेका सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे।

पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री सरमा ने बताया कि मंत्रिपरिषद का इस्तीफा भी सौंप दिया गया है। उन्होंने आगे कहा कि राज्यपाल ने मौजूदा सरकार को नई सरकार के गठन तक कार्यवाहक प्रशासन के रूप में काम जारी रखने का निर्देश दिया है। अगले मुख्यमंत्री कौन बनेंगे, इस सवाल पर मुख्यमंत्री सरमा ने कहा कि यह फैसला भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व द्वारा लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि पार्टी अध्यक्ष नितिन नबीन ने वरिष्ठ नेता जेपी नड्डा को पर्यवेक्षक की जिम्मेदारी सौंपी गई है और वे अंतिम निर्णय लेंगे।

मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि 11 मई के बाद नए मंत्रिपरिषद का गठन किया जाएगा। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें इस बात की निश्चितता नहीं है कि शपथ ग्रहण समारोह 12 मई को होगा या नहीं।

# बंगाल में टीएमसी राज खत्म! सुवेंदु बोले- अब गुंडों का होगा 'ऑपरेशन क्लीन'

स्वास्तिक सहारा नेटवर्क




**नई दिल्ली।** भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी ने बुधवार को आश्वासन दिया कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में पार्टी की शानदार जीत के बाद, जिसमें टीएमसी की ममता बनर्जी का 15 साल का शासन समाप्त हुआ, पार्टी गुंडों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करेगी। पत्रकारों से बात करते हुए, अधिकारी ने बताया कि कैसे पिछली सरकार ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ दुर्व्यवहार किया और उनके खिलाफ फर्जी एफआईआर दर्ज कीं। उन्होंने कहा कि यहां की जनता ने मुझे दो बार सांसद और तीन बार विधायक बनाया है।

पिछली बार मैंने मुख्यमंत्री को हराया था और मैं यहां बजरंगबली का आशीर्वाद लेने आया था। हमारे कार्यकर्ताओं ने दिन-रात मेहनत की; उनके खिलाफ 500 से अधिक फर्जी एफआईआर दर्ज की गईं, 400 भाजपा कार्यकर्ताओं को जेल में डाला गया।

सुवेंदु ने कहा कि भाजपा सरकार गुंडों और भ्रष्टाचारियों के खिलाफ हर संभव कार्रवाई करेगी। आने वाले 2-3 दिनों में कोई विजय जुलूस नहीं निकाला जाएगा; सरकार बनने के बाद, पुलिस की अनुमति से, हम एक धन्यवाद समारोह आयोजित करेंगे। इस बीच, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह राज्य में पार्टी की ऐतिहासिक जीत के बाद चल रहे राजनीतिक कार्यक्रमों के तहत गुरुवार शाम को पश्चिम बंगाल का दौरा करने वाले हैं। भाजपा के शीर्ष सूत्रों के अनुसार, अमित शाह सबसे पहले बिहार में मंत्रिमंडल विस्तार के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे और उसके बाद सीधे पश्चिम बंगाल के लिए रवाना होंगे। उनका यह दौरा महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि यह ऐसे नाजुक समय में हो रहा है जब पार्टी चुनाव के बाद की रणनीति और सरकार गठन पर चर्चा में सक्रिय रूप से लगी हुई है। पश्चिम बंगाल पहुंचने के तुरंत बाद, गृह मंत्री वरिष्ठ पार्टी नेताओं और कोर कमेटी के सदस्यों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता करेंगे। इस बैठक में मौजूदा राजनीतिक स्थिति का आकलन करने, संगठनात्मक तैयारियों की समीक्षा करने और आगे के कदमों पर नेतृत्व को एकजुट करने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। सूत्रों के अनुसार, 8 तारीख को होने वाली भाजपा विधायक दल की बैठक से पहले, शाह राज्य में होने वाले आगामी शपथ ग्रहण समारोह के संबंध में पार्टी नेताओं के साथ विस्तृत विचार-विमर्श करेंगे।

# याचिका समिति का सख्त संदेश: शिकायतों का समय पर निस्तारण, विकास कार्यों में न हो देरी

## नगर निगम से लेकर ग्राम्य विकास तक 14 प्रकरणों पर विभागों से मांगी प्रगति रिपोर्ट

स्वास्तिक सहारा संवाददाता








**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद् की याचिका समिति की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक बुधवार को जिला मुख्यालय स्थित दुर्गावती देवी सभागार, विकास भवन में बुधवार को सभापति अशोक अग्रवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में जनहित से जुड़ी शिकायतों, आवेदनों, याचिकाओं एवं विभिन्न विभागों से संबंधित मामलों की विस्तार से समीक्षा करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि सभी प्रकरणों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। बैठक के दौरान समिति के समक्ष प्रस्तुत कुल 14 प्रकरणों पर संबंधित विभागों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की गई। इनमें छह प्रकरण नगर निगम गाजियाबाद, एक लोनी नगर पालिका, एक लोक निर्माण विभाग, एक पंचायती राज, दो जिला पंचायत तथा एक ग्राम्य विकास विभाग से संबंधित रहे। सभापति ने सभी विभागों से लंबित मामलों की स्थिति, प्रगति और समाधान की कार्ययोजना के बारे में विस्तार से जानकारी ली। कार्यक्रम में समिति के सदस्य ऋषि पाल सिंह, अरुण पाठक एवं श्रीचन्द शर्मा सहित समिति से जुड़े अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। वहीं जिला प्रशासन की ओर से जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉंदड़, नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक, मुख्य विकास अधिकारी कुमार सौरभ, अपर नगर आयुक्त जंग बहादुर सिंह, कार्यवाहक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अमित विक्रम, लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता राजाराम सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी एवं प्रतिनिधि बैठक में मौजूद रहे। नगर विकास, ऊर्जा, स्वास्थ्य, शिक्षा, राजस्व, परिवहन, ग्राम्य विकास, समाज कल्याण, खाद्य एवं रसद, औद्योगिक विकास, सिंचाई, पर्यटन और श्रम विभाग सहित कई विभागों ने अपने-अपने प्रकरणों पर रिपोर्ट प्रस्तुत की। नगर निगम से जुड़े मामलों की समीक्षा के दौरान नगर आयुक्त ने समिति को अवगत कराया कि नन्दग्राम स्थित पूर्वांचल कॉलोनी की छह गलियों में से तीन गलियों का निर्माण कार्य पूरा किया जा चुका है, जबकि शेष तीन के लिए आगणन तैयार कर स्वीकृति हेतु भेजा गया है। विजयनगर के अम्बेडकर नगर वार्ड-18 में तीन गलियों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है और एक गली के लिए निविदा स्वीकृत कर दी गई है। कैला भट्टा स्थित पीएसी चौक के पास नाले के निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और जल्द कार्य शुरू होगा। घूकना वार्ड-13 में बारातघर निर्माण के संबंध में भूमि उपलब्ध न होने के कारण निर्माण संभव न होने की जानकारी दी गई। मकनपुर वार्ड-57 में सीसी रोड का कार्य पूरा होने तथा डूण्डाहेडा वार्ड-23 स्थित अम्बेडकर भवन में दो बड़े हॉल निर्माण प्रस्ताव स्वीकृति के लिए भेजे जाने की जानकारी भी दी गई। सिकरोड़ और सदरपुर क्षेत्र में भी विकास कार्यों की प्रगति से समिति को अवगत कराया गया। लोनी नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी ने संगम विहार क्षेत्र में निर्माण कार्य पूर्ण होने की जानकारी दी। वहीं लोक निर्माण विभाग ने सिकरोड़ से राजनगर मोरटा मार्ग के चौड़ीकरण संबंधी याचिका पर बताया कि मार्ग ग्रामीण श्रेणी का होने के कारण तत्काल चौड़ीकरण संभव नहीं है, हालांकि इसे विशेष कार्ययोजना में शामिल किया गया है। पंचायती राज विभाग ने ग्राम अतरौली में सीसी रोड निर्माण पूर्ण होने की जानकारी दी, जबकि जिला पंचायत से जुड़े दो मामलों में कार्य प्रगति पर बताया गया।

ग्राम अफजलपुर में डॉ. भीमराव अम्बेडकर पार्क के सौंदर्यीकरण में अवैध कब्जे की समस्या सामने आई, जिस पर एसडीएम लोनी को कब्जा हटाने के लिए टीम गठन का अनुरोध किया गया है। बैठक के दौरान सभापति अशोक अग्रवाल ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी निर्माण कार्य गुणवत्ता और पारदर्शिता के साथ निर्धारित समय सीमा में पूरे किए जाएं। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए जनप्रतिनिधियों और जिला स्तरीय अधिकारियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर भी जोर दिया गया। सभापति ने स्पष्ट कहा कि प्राप्त शिकायतों, आवेदनों और याचिकाओं का लंबित रहना स्वीकार्य नहीं है। प्रत्येक प्रकरण का समयान्तराल में निस्तारण कर संबंधित आवेदक को जानकारी देना अनिवार्य किया जाए। विभागवार दिए गए निर्देशों के अनुपालन की आख्या समिति को उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए गए। बैठक के समापन पर सभापति ने कहा कि जनपद गाजियाबाद में समीक्षा बैठक सकारात्मक और अच्छे वातावरण में संपन्न हुई, जो प्रशासनिक सक्रियता का संकेत है। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉंदड़ ने आश्वासन दिया कि समिति द्वारा दिए गए सभी निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जाएगा तथा प्रगति रिपोर्ट समय-समय पर प्रस्तुत की जाएगी। उन्होंने बैठक के सफल आयोजन के लिए समिति एवं सभी अधिकारियों का आभार भी व्यक्त किया।

# राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन को लेकर जिला न्यायालय में बैठक

स्वास्तिक सहारा संवाददाता



**गाजियाबाद।** आगामी 9 मई 2026 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन और अधिकाधिक वादों के निस्तारण को लेकर जिला न्यायालय गाजियाबाद के सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता माननीय जिला जज गाजियाबाद विनोद सिंह रावत ने की। बैठक में लोक अदालत के माध्यम से अधिक से अधिक मामलों के त्वरित और सौहार्दपूर्ण निस्तारण पर विस्तृत चर्चा की गई।

जिला जज ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अधिक से अधिक वादकारियों को लोक अदालत के लाभों के प्रति जागरूक किया जाए और उन्हें अपने मामलों का निस्तारण आपसी सहमति से कराने के लिए प्रेरित किया जाए, जिससे लोगों को सरल, सुलभ और शीघ्र न्याय मिल सके।

इस दौरान न्यायालयों में लंबित विभिन्न प्रकार के मामलों, विशेष रूप से बैंक वसूली, मोटर दुर्घटना दावा, वैवाहिक वाद, चेक अनादरण, श्रम विवाद, राजस्व वाद और अन्य सुलह योग्य प्रकरणों के निस्तारण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। बैठक में जनपद के नागरिकों से अपील की गई कि वे राष्ट्रीय लोक अदालत में अपने मामलों का आपसी समझौते के आधार पर निस्तारण कराकर समय और धन दोनों की बचत करें।

बैठक में नोडल अधिकारी एससी/एसटी अधिनियम जितेन्द्र मिश्रा, अपर जिला जज (कोर्ट संख्या-05) लोकेश वरुण, विशेष न्यायाधीश पॉक्सो अधिनियम नीरज गौतम तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गाजियाबाद की सचिव श्रीमती नेहा बनोधिया उपस्थित रहीं। इसके अलावा अपर जिला अधिकारी (नगर), सम्भागीय सहायक परिवहन अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, समस्त बैंक परिषद अधिकारी, चिकित्सा अधिकारी, अग्रणी जिला प्रबंधक, तहसीलदार, नगर आयुक्त, नगर पंचायत अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी भी बैठक में शामिल हुए।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में लंबित चालानों का करायें निस्तारण



गाजियाबाद (स्वास्तिक सहारा)। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) गाजियाबाद अशोक कुमार श्रीवास्तव ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी दी कि राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेशानुसार 9 मई 2026 (शनिवार) को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के अवसर पर परिवहन विभाग द्वारा प्रवर्तन कार्यवाही में किए गए लंबित चालानों के निस्तारण के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि जनपद के सभी वाहन स्वामियों और चालकों को सूचित किया जाता है कि वे अपने लंबित चालानों का निस्तारण राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से सरल, सुलभ और त्वरित प्रक्रिया के तहत करा सकते हैं। इस अवसर पर मामलों का निस्तारण आपसी सहमति के आधार पर किया जाएगा, जिससे अनावश्यक विलंब से बचते हुए समय और धन दोनों की बचत होगी।

# नगर आयुक्त ने एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर अभियान को गति देने के लिए टीम को दिए निर्देश

### डॉग कैचिंग और स्टेरिलाइजेशन के चल रहे अभियान में टीम को पहचान पत्र से मिलेगी सुविधा: नगर आयुक्त

स्वास्तिक सहारा संवाददाता





**गाजियाबाद।** गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय पर नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा डॉग कैचिंग और स्टेरिलाइजेशन के अभियान को गति देने के लिए टीम से बैठक की गई जिसमें शहर में चल रहे अभियान के बारे में विस्तार से चर्चा हुई, गाजियाबाद नगर निगम की टीम वार्ड वार अभियान चला रही है श्वान को पकड़ कर वैक्सीनेशन का कार्य, स्टेरिलाइजेशन का कार्य किया जा रहा है जिसके दौरान कई बार देखा गया टीम का सहयोग सोसाइटी में नहीं किया जा रहा है, विवाद की स्थिति भी पैदा हुई जिसको देखते हुए संबंधित सभी टीम को आईडी कार्ड उपलब्ध कराए गए हैं, मौके पर उप मुख्य पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी डॉक्टर अनुज, मुख्य पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी डॉ आशीष त्रिपाठी भी उपस्थित रहे। शहर में एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर के माध्यम से श्वान का स्टेरिलाइजेशन किया जा रहा है जिसके लिए डॉग कैचिंग का कार्य भी तेजी से चल रहा है संबंधित टीम फ्रेंडीकोज को कार्य में गति लाने के निर्देश नगर आयुक्त द्वारा दिए गए अधिकारियों को भी मॉनिटरिंग प्रबल करने के लिए कहा गया, गाजियाबाद नगर निगम द्वारा लगभग 48000 से अधिक श्वान बाध्यकरण किया जा चुका है, चल रहे अभियान में सहयोग करने के लिए नगर आयुक्त द्वारा शहर वासियों से भी अपील की गई जिनके पास गाजियाबाद नगर निगम का आई कार्ड उपलब्ध है उनको आरडब्ल्यूए पदाधिकारी, माननीय पार्षद सहयोग करें, डॉग रजिस्ट्रेशन, स्टेरिलाइजेशन, वैक्सीनेशन, के लिए टीम घर-घर जाकर कार्य कर रही है शहर वासियों से भी सहयोग करने की अपील नगर आयोग द्वारा की गई है' बैठक में अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार भी उपस्थित रहे।

# लोनी में विकास कार्यों की सौगात

### नगर पालिका अध्यक्ष रंजीता धामा ने किया शुभारंभ





स्वास्तिक सहारा संवाददाता

**गाजियाबाद।** लोनी नगर पालिका अध्यक्ष रंजीता धामा ने बुधवार को विभिन्न विकास कार्यों का शुभारंभ कर क्षेत्र की जनता को नई सौगात दी। इस दौरान कॉलोनीवासियों ने उनका फूलमालाओं, ढोल-नगाड़ों और पुष्प वर्षा के साथ भव्य स्वागत किया। नगर पालिका अध्यक्ष रंजीता धामा ने बताया कि वार्ड संख्या 33 की डीएलएफ कॉलोनी में लगभग 91 लाख रुपये की लागत से तीन पार्कों का सौंदर्यीकरण और चारदीवारी का निर्माण कराया जाएगा।

साथ ही पार्कों में पेड़-पौधों की व्यवस्था भी नगर पालिका की ओर से कराई जाएगी। इसके अलावा वार्ड संख्या 44 के कासिम विहार स्थित खुशहाल पार्क कॉलोनी में करोड़ों रुपये की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का शुभारंभ किया गया। वहीं वार्ड संख्या 24 के डाबर तालाब क्षेत्र में करीब डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से गलियों में इंटरलॉकिंग टाइल्स बिछाने और आरसीसी नालियों के निर्माण कार्य का रिबन काटकर उद्घाटन किया गया। रंजीता धामा ने बताया कि लोनी नगर पालिका द्वारा वर्तमान में लगभग 100 करोड़ रुपये की लागत से क्षेत्र में विभिन्न विकास परियोजनाएं तैयार की गई हैं, जिनका शुभारंभ आज से किया गया है। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं के माध्यम से जनहित के कार्य कराए जाएंगे, जिससे आने वाले समय में लोनी क्षेत्र में विकास को नई गति मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान कॉलोनीवासियों ने नगर पालिका अध्यक्ष रंजीता धामा और पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मनोज धामा के समर्थन में जयकारे लगाए तथा विकास कार्यों के लिए उनका आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर सभासद रामनिवास त्रिपाठी, इकबाल अंसारी, सुधीर तोमर, भूरे भाई, मकसूद भाई, सदर साहब, राजीव त्यागी, अशोक कुमार, हनी तोमर, रियाज भाई, नदीम भाई, आदिल शेख, जब्बार मलिक, राजीव पोद्दार, अनीता देवी, पूजा, शिखा चौधरी, सुषमा देवी, आरती, सलमा, साहिबा, फिरदौस, रुखसार, अफसाना, गुलनाज, अक्सा, तबस्सुम, शाहिदा, नूर बानो, बिल्किस सहित सैकड़ों की संख्या में कॉलोनीवासी उपस्थित रहे।

# जनता दर्शन में डीएम सख्त, शिकायतों के त्वरित निस्तारण और भूमाफियाओं पर कार्रवाई के दिए निर्देश

### अवैध कब्जों पर संयुक्त अभियान, पुलिस-राजस्व टीम को मौके पर समाधान के आदेश

स्वास्तिक सहारा संवाददाता



**गाजियाबाद।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉंदड़ ने बुधवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान आम नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों को शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के सख्त निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान बड़ी संख्या में नागरिक अपनी समस्याओं और शिकायतों को लेकर पहुंचे, जिनमें राजस्व, विद्युत, स्वास्थ्य, निर्माण तथा अन्य विभागों से जुड़े प्रार्थना पत्र प्रमुख रूप से शामिल रहे। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए और किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने विशेष रूप से जमीन संबंधी विवादों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर समाधान कराने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि बार-बार सामने आने वाली शिकायतों की पहचान कर स्थायी समाधान की कार्ययोजना तैयार की जाए, ताकि आम नागरिकों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। जनता दर्शन के दौरान दिव्यांगजन कल्याण से जुड़े मामलों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने जिला दिव्यांगजन कल्याण अधिकारी को निर्देश दिया कि जनपद में दिव्यांगजनों का व्यापक चिन्हीकरण अभियान चलाया जाए। उन्होंने कहा कि पात्र दिव्यांगजनों को पेंशन, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, ई-व्हीकल योजना सहित सभी सरकारी योजनाओं का लाभ प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराया जाए। यदि किसी विभाग द्वारा सहयोग नहीं किया जा रहा हो तो तत्काल जिलाधिकारी कार्यालय को अवगत कराया जाए।

शस्त्र लाइसेंस से संबंधित मामलों पर भी जिलाधिकारी ने महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए। उन्होंने विरासत के आधार पर लंबित शस्त्र लाइसेंस आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने के आदेश दिए। साथ ही आवेदकों को किसी भी कार्यदिवस में कलेक्ट्रेट स्थित शस्त्र अनुभाग से संपर्क करने की सुविधा उपलब्ध कराने और शिकायत होने पर सीधे प्रशासन को जानकारी देने को कहा।

लोनी क्षेत्र में लगातार मिल रही अवैध कब्जों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने कमिश्नर के साथ संयुक्त रूप से विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। भूमाफियाओं और अवैध कब्जाधारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के लिए एडीएम एल/ए, एसडीएम लोनी, एसीपी लोनी, एसीपी अंकुर विहार तथा एसीपी ट्रोनिका सिटी को शामिल करते हुए संयुक्त टीम गठित की गई है।

# अवैध निर्माणों पर चला जीडीए का बुलडोजर, वेयरहाउस सील व अवैध कॉलोनी ध्वस्त





स्वास्तिक सहारा संवाददाता

**गाजियाबाद।** अवैध निर्माण एवं अवैध कालोनियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत प्रवर्तन जोन-08 द्वारा व्यापक स्तर पर सख्त कार्रवाई की गई। प्रभारी प्रवर्तन जोन-08 के नेतृत्व में वाद सं0-219/अ.नि./प्रवर्तन जोन-8/2026 के अंतर्गत ग्राम खुदाबास हकीकतपुर लोनी स्थित खसरा सं0-244 पर लगभग 12640 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में अवैध रूप से सड़क निर्माण, प्लाटिंग एवं कॉलोनी विकसित किए जाने की गतिविधि को ध्वस्त कर दिया गया।

इसके अतिरिक्त रामपार्क एक्सटेंशन क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर बिना मानचित्र स्वीकृति के संचालित वेयरहाउस निमार्णों पर सीलिंग की कार्रवाई की गई। इनमें क्रमशः 1350 वर्ग मीटर, 250 वर्ग मीटर, 540 वर्ग मीटर, 190 वर्ग मीटर एवं 270 वर्ग मीटर क्षेत्रफल के अवैध निर्माण शामिल हैं, जिन्हें प्राधिकरण द्वारा सील कर दिया गया। कार्यवाही के दौरान कुछ निर्माणकताओं द्वारा विरोध का प्रयास किया गया, किंतु प्राधिकरण पुलिस बल एवं क्षेत्रीय पुलिस बल की मौजूदगी में स्थिति को नियंत्रित करते हुए अभियान को सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया। अभियान में प्रवर्तन जोन-08 का समस्त स्टाफ, प्राधिकरण पुलिस दस्ता एवं स्थानीय पुलिस बल उपस्थित रहा। प्राधिकरण ने स्पष्ट किया है कि अवैध निमार्णों के विरुद्ध यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

# अपराधियों पर सख्ती, कानून व्यवस्था पर जीरो टॉलरेंस अपनायें: पुलिस आयुक्त

### अपराध नियंत्रण और ऑपरेशन प्रहार की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश

गाजियाबाद। कमिश्नरेट गाजियाबाद में अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था सुदृढ़ीकरण और विभिन्न प्रवर्तन एवं जागरूकता अभियानों की प्रगति की समीक्षा को लेकर बुधवार को पुलिस आयुक्त जे. रविंद्र गौड़ ने पुलिस कार्यालय स्थित मीटिंग हॉल में एक महत्वपूर्ण उच्चस्तरीय गोष्ठी आयोजित की। आयोजित समीक्षा बैठक में पुलिस आयुक्त ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जनपद में अपराध और अपराधियों के प्रति किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा पुलिसिंग को और अधिक प्रभावी, जवाबदेह और परिणाम आधारित बनाया जाएगा। बैठक में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त मुख्यालय एवं अपराध केशव कुमार चौधरी, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था एवं यातायात राज करन नैय्यर, देहात जोनल पुलिस उपायुक्त सुरेन्द्रनाथ तिवारी, अपर पुलिस उपायुक्त अपराध पीयूष सिंह, समस्त सहायक पुलिस आयुक्त सर्किल, महिला अपराध इकाई तथा अपराध शाखा के अधिकारी उपस्थित रहे। गोष्ठी के दौरान अपराध नियंत्रण से संबंधित विभिन्न अभियानों, लंबित मामलों और सुरक्षा व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की गई।



पुलिस आयुक्त जे. रविंद्र गौड़ ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी आम नागरिकों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि अपराधियों के खिलाफ निरंतर कार्रवाई ही कानून व्यवस्था को मजबूत बनाती है और पुलिस को सक्रिय, संवेदनशील तथा सतर्क रहकर कार्य करना होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि अपराध नियंत्रण केवल आंकड़ों का विषय नहीं बल्कि जनता के विश्वास से जुड़ा मुद्दा है। बैठक में वर्ष 2026 की शुरूआत से 30 अप्रैल तक चलाए गए ऑपरेशन प्रहार के अंतर्गत की गई कार्यवाहियों की विस्तार से समीक्षा की गई। पुलिस आयुक्त ने अभियान के सकारात्मक परिणामों की सराहना करते हुए निर्देश दिए कि चिन्हित अपराधियों, वांछित अभियुक्तों और संगठित अपराध से जुड़े तत्वों के खिलाफ लगातार अभियान चलाए जाएं। उन्होंने कहा कि अपराधियों में कानून का भय और जनता में सुरक्षा का विश्वास स्थापित करना पुलिस की सर्वोच्च जिम्मेदारी है। गोष्ठी में पिछले दो वर्षों में जनपद में घटित अपराधों और उनके विरुद्ध की गई निरोधात्मक कार्रवाई की तुलनात्मक समीक्षा भी प्रस्तुत की गई। पुलिस आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपराध की पुनरावृत्ति रोकने के लिए निगरानी व्यवस्था को मजबूत किया जाए और संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरती जाए। उन्होंने लंबित विवेचनाओं के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर विशेष जोर देते हुए कहा कि जांच में देरी न्याय प्रक्रिया को प्रभावित करती है। सभी विवेचकों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि निर्धारित समयसीमा के भीतर निष्पक्ष और तथ्यपरक जांच सुनिश्चित की जाए।

# जनपद के समग्र विकास हेतु प्रस्तावित परियोजनाओं पर हुई समीक्षा बैठक, प्राथमिकता के आधार पर कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश

स्वास्तिक सहारा ब्यूरो



**सोनभद्र।** मुख्यमंत्री, उ0प्र0 सरकार द्वारा दिये गये निदेशों के क्रम में जनपद के समग्र एवं संतुलित विकास को गति प्रदान करने के उद्देश्य से आज कलेक्ट्रेट सभागार में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधायक घोरावल डॉ0 अनिल कुमार मौर्य सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं उनके प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। बैठक में जनपद एवं विधानसभा क्षेत्र की विकासात्मक प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए विभिन्न प्रस्तावित परियोजनाओं पर गहन विचार-विमर्श किया गया। विशेष रूप से मार्गों के निर्माण एवं चौड़ीकरण, सेतुओं के निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण, सड़क सुरक्षा से संबंधित कार्य, क्षतिग्रस्त मार्गों एवं पुलों के विशेष मरम्मत कार्य तथा आवागमन को सुगम एवं सुरक्षित बनाने के उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई। जनप्रतिनिधिगण द्वारा क्षेत्रीय आवश्यकताओं के अनुरूप विभिन्न महत्वपूर्ण प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए, जिनमें ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों को जोड़ने वाले संपर्क मार्गों के विकास, जर्जर पुलों के पुनर्निर्माण, दुर्घटना संभावित स्थलों पर सुरक्षा उपायों की स्थापना तथा खराब हो चुके मार्गों के त्वरित मरम्मत कार्यों को प्राथमिकता देने पर बल दिया गया। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने बैठक के दौरान संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रस्तुत सभी प्रस्तावों का गंभीरतापूर्वक परीक्षण करते हुए उनकी उपयोगिता एवं आवश्यकता के आधार पर सुदृढ़ एवं व्यवहारिक कार्ययोजना तैयार की जाए। उन्होंने अधिकशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड, अधिकशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड, अधिकशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड-2 तथा अधिशासी अभियन्ता पीएमजीएसवाई को निर्देश दिए कि सभी प्रस्तावों का स्थलीय निरीक्षण कर प्राथमिकता तय करें तथा समयबद्ध कार्यान्वयन सुनिश्चित करने हेतु विस्तृत कार्ययोजना प्रस्तुत करें। बैठक में निर्देश किया कि सभी विभाग आपसी समन्वय स्थापित करते हुए कार्यों को गति प्रदान करें तथा किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब न होने दें। कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देते हुए निर्धारित मानकों के अनुरूप ही निर्माण एवं मरम्मत कार्य संपन्न कराए जाएं। जिलाधिकारी ने कहा कि जनहित से जुड़े विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि कार्यों में विलंब अथवा गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय करते हुए आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद के समग्र विकास के लिए सभी विभागों को सक्रिय भूमिका निभानी होगी तथा जनप्रतिनिधियों के सहयोग से विकास कार्यों को तेजी से धरातल पर उतारना सुनिश्चित किया जाएगा, जिससे आमजन को बेहतर आवागमन सुविधा एवं सुरक्षित परिवेश उपलब्ध कराया जा सके।

# नोएडा के 81 गांवों में जल्द शुरू होगी आईजीएल गैस पाइलाइन: अशोक भाटी

स्वास्तिक सहारा ब्यूरो



**नोएडा।** सेक्टर-3 स्थित इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड कार्यालय पर भाकियू जिलाध्यक्ष अशोक भाटी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने क्षेत्रीय प्रबंधक धर्मेंद्र सिंह से मुलाकात कर गांवों में आईजीएल गैस पाइपलाइन बिछाने की मांग उठाई। बैठक के दौरान जिलाध्यक्ष अशोक भाटी ने कहा कि नोएडा जैसे विकसित एवं आधुनिक शहर के निर्माण में यहां के मूल ग्रामवासियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। वर्तमान में आईजीएल द्वारा सेक्टरों एवं कुछ चुनिंदा क्षेत्रों में पाइप्ड नेचुरल गैस पीएनजी की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है, जो सराहनीय है, लेकिन नोएडा के अनेक गांव आज भी इस मूलभूत सुविधा से वंचित हैं।उन्होंने कहा कि सेक्टरों के बीच स्थित लगभग 81 गांवों के निवासी आज भी एलपीजी सिलेंडरों पर निर्भर हैं, जिससे उन्हें बार-बार सिलेंडर भरवाने, ढुलाई और सुरक्षा संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। यदि गांवों में पीएनजी सुविधा उपलब्ध कराई जाए तो समय, धन और ऊर्जा की बचत होने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। भाकियू प्रतिनिधिमंडल ने जनहित को देखते हुए सभी गांवों में शीघ्र आईजीएल गैस पाइपलाइन बिछाने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा। इस पर क्षेत्रीय प्रबंधक धर्मेंद्र सिंह ने अधिकारियों से वार्ता कर जिन गांवों के पास से आईजीएल लाइन गुजर रही है, वहां आगामी कुछ महीनों में कार्य शुरू कराने का आश्वासन दिया। इस दौरान एनसीआर अध्यक्ष परविंदर अवाना, कमल सिंह आर्य, सिंहराज गुर्जर, सचिन अवाना, मनोज त्यागी, प्रशांत बेसोया, मनोज अवाना सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# समाजसेवी संस्था कोनरवा ने लिखा डीएम को पत्र, पेट्रोल पंप परिसर में मिले जन सुविधाएं

स्वास्तिक सहारा ब्यूरो

**नोएडा।** जिले में अधिकांश पेट्रोल पंप परिसर में जन सुविधाएं मानक के अनुरुप ना होने के सम्बन्ध में समाजसेवी संस्था कोनरवा के अध्यक्ष पीएस जैन ने गौतम बुद्ध नगर की डीएम को पत्र लिखा। पत्र के माध्यम से बताया गया कि जिले के अधिकांश पेट्रोल पंप परिसर में जन सुविधाओं जैसे स्वच्छ पेयजल, शौचालय और बैठने की व्यवस्था मानकों के अनुरुप नहीं है। गाड़ीयो के पहियो में जो हवा भरी जाती है उसकी भी व्यावस्थ अधिकांश पेट्रोल पंप पर खराब रहती है या समय से पहले बन्द कर दी जाती है। जिससे ग्राहकों को काफी असुविधा होती है, विशेषकर महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों और बच्चों को। पेट्रोल पंप पर हवा की उपलब्धता पेट्रोल पंप के खुलने के समय तक होनी चाहिए। पेट्रोल पंपो पर लगभग चार मशीन से लेकर 12 मशाने तक लगी होती है, अर्थात 16 नोजल से लेकर 48 नोजल तक काम करते हैं, जिनसे प्रतिदिन पेट्रोल और डीजल लेने वाले अधिक ग्राहक पेट्रोल पंप पर आते है। परन्तु जनसुविधाओं के नाम पर एक छोटा सा कोमन लेडीज जेंट्स बाथरुम बना दिया जाता है, जिसमें केवल एक व्यक्ति जा सकता है।

भारी फुट फाल की वजह से बाथरूम हमेशा गंदा और अनहाइजेनिक होता है। जबकि मानक के अनुसार, महिला और पुरुष के बाथरुम अलग अलग और पर्याप्त संख्या में होने चाहिए। जो बाथरूम बना है, उसमें प्रदुषित गैस निकलने के कारण उसका प्रयोग करना कठिन होता है। समाजसेवी संस्था कोनरवा के अध्यक्ष पीएस जैन ने जिलाधिकारी से अनुरोध किया कि जिले के सभी पेट्रोल पम्पो पर सर्वे करवाया जाना चाहिए कि जनसुविधा पेट्रोल कम्पनीयों के मानक के अनुसार है अर्थत कितने बाथरूम व अन्य सुविधाऐ है उसकी एक रिर्पोट तैयार करायी जानी चाहिए तथा जहॉ पर भी अनियमिता पाईये जाऐ उनके विरूध आवश्यक कार्यवाही की जाऐ तथा प्रत्येक पेट्रोल पम्प पर महिलाओ व पुरूष के लिए कम से कम दो-दो बाथरूम होने चाहिए। इस ही प्रकार से जिले में जितने भी पेट्रोट पम्प है। उन्हे प्राधिकरण द्वारा जो जगह दी गई है। जिसका उपयोग उन हे सभी प्रकार की सेवाओ के लिए आवंटित किया गया था कि उसमें आपको कर्वड ऐरिया दिये गये मानको के अनुसार रखना था परन्तु अधिकंश पेट्रोल पम्प मालिको ने दिये गये मानको से अधिक कर्वड ऐरिया बना लिया है जिससे वहॉ पर जन सुविधाओ के लिए प्रयाप्त जगह ही नही बची है।

# 18वीं मंजिल से कूदकर महिला ने दी जान

स्वास्तिक सहारा ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेनो वेस्ट की फ्यूजन होम्स सोसाइटी के टावर-जी में रहने वाली एक महिला ने बुधवार की दोपहर 18वीं मंजिल से कूदकर जान दे दी। हालांकि, अभी आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। बिसरख कोतवाली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका की मां उसकी के साथ रहतीं थीं, लेकिन आत्महत्या के कारण से वह अंजान हैं। राजस्थान के श्रीगंगानगर की नीतू मदान की शादी छह साल पहले तरुण के साथ हुई थी। वह पति के साथ सोसाइटी के टावर-जी की 7वीं मंजिल के फ्लैट में रहती थी। उसके पति अपनी टैक्सी चलाते हैं। नीतू के साथ उसकी मां भी रहती थी। तरुण के पिता इसी टावर में 18वीं मंजिल पर अकेले रहते हैं। तरुण की मां का देहांत हो चुका है। पुलिस का कहना है कि मामले गहराई से जांच की जा रही है।

# भाजपा महानगर अध्यक्ष महेश चौहान ने व्यापार मंडल के साथ की समीक्षा बैठक

स्वास्तिक सहारा ब्यूरो



**नोएडा।** व्यापारिक हितों को मजबूती देने और व्यापारियों की जमीनी समस्याओं के समाधान हेतु आज एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल के सेक्टर 115 स्थित प्रदेश कार्यालय पर आयोजित इस संवाद कार्यक्रम में भाजपा महानगर अध्यक्ष महेश चौहान ने शिरकत की। बैठक की अध्यक्षता युवा व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष विकास जैन ने की।

बैठक के दौरान प्रदेश अध्यक्ष विकास जैन ने महानगर अध्यक्ष को अवगत कराया कि शहर के व्यापारियों को वर्तमान में कई बुनियादी ढांचागत समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। लगभग दो घंटे चली इस वार्ता में मुख्य रूप से चार बिंदुओं पर चर्चा हुई। व्यापारियों ने बताया कि एलिवेटेड रोड के नीचे अतिक्रमण और गंदगी के कारण व्यापार प्रभावित हो रहा है। यहाँ सौंदर्यीकरण और सुगम यातायात की तत्काल आवश्यकता है। कई बाजारों में सीवरेज ओवरफ्लो की समस्या गंभीर बनी हुई है। व्यापारियों ने इस समस्या के स्थायी समाधान हेतु ठोस नीति बनाने की मांग की। वही बिजली मीटरों की खराबी और विभाग द्वारा की जा रही लापरवाही को लेकर भी रोष व्यक्त किया गया। व्यापारियों ने मांग की कि कमर्शियल मीटरों की जांच और बदलाव की प्रक्रिया को सरल बनाया जाए। हाल की कुछ घटनाओं का हवाला देते हुए बाजारों में पुलिस गश्त बढ़ाने और सीसीटीवी नेटवर्क को और अधिक मजबूत करने पर चर्चा हुई। भाजपा महानगर अध्यक्ष महेश चौहान ने व्यापारियों की बातों को गंभीरता से सुना। उनके साथ आए जिला महामंत्री चंदगीराम यादव और जिला महामंत्री अमित त्यागी ने भी विभिन्न मुद्दों पर अपने सुझाव रखे। महानगर अध्यक्ष ने आश्वस्त किया कि भाजपा संगठन व्यापारियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। उन्होंने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों से वार्ता कर जल्द ही इन समस्याओं के निस्तारण का आश्वासन दिया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल की टीम पूरी सक्रियता के साथ मौजूद रही, जिसमें मुख्य रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष निखिल अग्रवाल, प्रदेश सचिव शिवा चौहान, क्रॉकरी एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश जिंदल, वरिष्ठ व्यापारी नेता नवीन अग्रवाल आदि शामिल रहे। बैठक के अंत में प्रदेश अध्यक्ष विकास जैन ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया और उम्मीद जताई कि शासन-प्रशासन के सहयोग से नोएडा के व्यापारिक माहौल में सकारात्मक बदलाव आएगा। प्रदेश उपाध्यक्ष निखिल अग्रवाल ने भारतीय जनता पार्टी की बंगाल में विजय हासिल करने पर महानगर जिलाध्यक्ष महेश चौहान को गुलदस्ता देकर बधाई दी।

# बाइक खड़ी करने को लेकर चले लाठी-डंडे

स्वास्तिक सहारा ब्यूरो

**नोएडा।** जेवर की पुरानी अनाज मंडी में दुकान के सामने बाइक खड़ी करने को लेकर बुधवार को दो दुकानदार आपस में भिड़ गए। दोनों के बीच जमकर मारपीट हुई और लाठी-डंडे चले। आसपास के दुकानदारों ने बीच-बचाव कर दोनों को दूर किया। मौके पर मौजूद लोगों ने वीडियो बनाकर उसे वायरल कर दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। अनाज मंडी में सौरभ व गौरव की कपड़े की दुकान है। मंगलवार को सौरव ने गौरव की दुकान के सामने बाइक खड़ी कर दी थी। इसी बात को लेकर दोनों में विवाद शुरू हो गया और मारपीट हुई। सौरव ने जेवर थाने में लिखित शिकायत दी है और कार्रवाई की मांग की गई है। जेवर थाना प्रभारी संजय सिंह ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

# जटिल प्रेग्नेंसी के मामले में फेलिक्स हॉस्पिटल के डॉक्टरों को मिली बड़ी सफलता, मां-बच्चा दोनों स्वस्थ

स्वास्तिक सहारा ब्यूरो



**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के गामा स्थित फेलिक्स हॉस्पिटल में जटिल प्रेग्नेंसी के मामले में डॉक्टरों ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए मां और नवजात दोनों की जान सुरक्षित बचा ली। मरीज के पति जीन थियरी अजाफ ने बताया कि उनकी पत्नी एनी की गर्भावस्था शुरूआत से ही बेहद जटिल थी। महिला को हेपेटाइटिस-बी संक्रमण था। लिवर ठीक से काम नहीं कर रहा था और इसके साथ ही कई अन्य चिकित्सकीय समस्याएं भी मौजूद थीं। ऐसे गंभीर हालात में फेलिक्स हॉस्पिटल के डॉ दानिश और डॉ अनुराधा की टीम ने जोखिम उठाते हुए सफल सिजेरियन ऑपरेशन किया, जिसके बाद अब मां और बच्चा दोनों पूरी तरह स्वस्थ हैं। फेलिक्स हॉस्पिटल की गायनोकोलॉजिस्ट डॉ. अनुराधा ने बताया कि महिला एनी जब अस्पताल पहुंची तो उसकी स्थिति चिंताजनक थी। जांच में सामने आया कि मरीज का बिलीरुबिन स्तर सामान्य से काफी अधिक था, जो लगभग 6 के आसपास था। आमतौर पर इतना बढ़ा हुआ बिलीरुबिन जॉन्डिस यानी पीलिया का संकेत देता है और गर्भावस्था के दौरान यह स्थिति मां और गर्भस्थ शिशु दोनों के लिए खतरनाक हो सकती है। मरीज पहले से ही एनीमिया यानि खून की कमी से पीड़ित थी, जिससे शरीर की ऑक्सीजन वहन क्षमता कम हो जाती है। इसके अलावा महिला का पहले एक एलएससीएस (सिजेरियन डिलीवरी) हो चुका था। जिससे इस बार ऑपरेशन और अधिक जटिल हो गया था। ऐसे मामलों में गर्भाशय की स्थिति और पिछले ऑपरेशन के निशान को ध्यान में रखते हुए विशेष सावधानी बरतनी पड़ती है। बता दे कि गर्भावस्था के दौरान यदि किसी महिला को हेपेटाइटिस-बी, लिवर संबंधी समस्या, एनीमिया या अन्य गंभीर बीमारी हो, तो नियमित जांच और विशेषज्ञ सलाह लेना अनिवार्य है। बढ़ा हुआ बिलीरुबिन न केवल जॉन्डिस का खतरा बढ़ाता है, बल्कि यह लिवर की गंभीर समस्या का संकेत भी हो सकता है। ऐसे में मरीज को नजरअंदाज करने के बजाय तुरंत इलाज कराना चाहिए। अगर सही समय पर सही इलाज मिले तो जटिल से जटिल प्रेग्नेंसी को भी सुरक्षित तरीके से संभाला जा सकता है।मरीज के पति ने अस्पताल और डॉक्टरों की टीम का आभार जताते हुए कहा कि उनकी पत्नी की स्थिति काफी गंभीर थी और उन्हें डर था कि कहीं मां या बच्चे को कोई नुकसान न हो जाए। लेकिन डॉक्टरों की मेहनत और सही समय पर लिए गए निर्णय के कारण आज दोनों सुरक्षित हैं।

# ट्रेन की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत

स्वास्तिक सहारा ब्यूरो

**दादरी।** दादरी रेलवे स्टेशन से कुछ दूर रूपवास बाईपास ओवरब्रिज के समीप एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से 50 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। फिलहाल मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जीआरपी चौकी प्रभारी जितेंद्र कुमार ने बताया कि पांच मई की रात रेलवे लाइन के किलोमीटर नंबर 1416 पर 50 वर्षीय व्यक्ति मगध एक्सप्रेस की चपेट में आ गया, जिससे उसके सिर में चोट आई। हादसे में उसके बाएं पैर, जांघ व घुटने भी जख्मी हो गए, जिससे मौके पर उसकी मौत हो गई। उसकी जेब से रेलवे टिकट या पहचान संबंधी कागजात नहीं मिले हैं। आसपास के लोगों से मृतक की पहचान कराने का काफी ज्यादा प्रयास किया गया, लेकिन पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस अभी भी पहचान के निरन्तर प्रयास कर रही है।

# रात्रि में सघन चेकिंग अभियान, सुरक्षा व्यवस्था रही चाक-चौबंद



**सोनभद्र (स्वास्तिक सहारा)।** पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन में जनपद में कानून–व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर मिश्रा के नेतृत्व में रात्रि के समय सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत स्वर्ण जयंती चौक, बढौली चौक एवं धर्मशाला चौक जैसे प्रमुख स्थानों पर संदिग्ध वाहनों एवं व्यक्तियों की गहन जांच की गई। पुलिस टीम ने आने–जाने वाले वाहनों को रोककर उनकी बारीकी से तलाशी ली तथा संदिग्ध प्रतीत होने वाले व्यक्तियों से पूछताछ कर उनका सत्यापन किया। अभियान के दौरान पुलिस बल द्वारा पूरे क्षेत्र में सतर्कता के साथ लगातार गश्त भी की गई, जिससे किसी भी संभावित आपराधिक गतिविधि पर नजर रखी जा सके। चेकिंग अभियान के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना सामने नहीं आई और क्षेत्र में शांति एवं कानून–व्यवस्था पूरी तरह सामान्य एवं सुदृढ़ बनी रही। पुलिस प्रशासन की सक्रियता से आमजन में सुरक्षा का भरोसा और मजबूत हुआ है।

# पटिया से बंद कुएं में अज्ञात शव मिलने से उठ रहे सवाल, साजिश की आशंका, जांच में जुटी पुलिस

स्वास्तिक सहारा ब्यूरो



**सोनभद्र।** चोपन थाना क्षेत्र के वार्ड 11 में बुधवार की सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब एक ढके हुए कुएं में अज्ञात शव मिलने की सूचना सामने आई। घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर जुट गए। प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध और सुनियोजित साजिश से जुड़ा प्रतीत हो रहा है, जिसे लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चचाएं हो रही हैं। मिली जानकारी के अनुसार, आसपास रहने वाले लोगों को पिछले दिनों तेज दुर्गंध महसूस हो रही थी। स्थानीय लोगों ने दुर्गंध की जानकारी कुएं के मालिक को दी, जिसके बाद आसपास के लोग बदबू के स्त्रोत की तलाश में जुट गए। खोजबीन के दौरान जब लोग कुएं के पास पहुंचे तो वहां से तेज दुर्गंध आने लगी। लोगों ने टॉर्च की रोशनी से कुएं के अंदर देखा तो एक शव पड़ा दिखाई दिया। इसके बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही चोपन पुलिस मौके पर पहुंच गईं । कुएं पर लगी पटिया हटाकर स्थिति का निरीक्षण किया गया। डाला नगर पंचायत कर्मचारियों और प्रशासन की मदद से काफी मशक्कत के बाद शव को कुएं से बाहर निकाला गया। शव काफी हद तक सड़-गल चुका था, जिससे उसकी पहचान तत्काल नहीं हो सकी। हालांकि मृतक के जेब से मिला मोबाइल पुलिस के काम जरूर आ सकता है और शव की पहचान मोबाइल की मदद से हो सकती है। बरहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा उसकी पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है। घटना को लेकर सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि जब कुआं पहले से ढका हुआ था तो शव उसमें पहुंचा कैसे।

स्थानीय लोगों का कहना है कि किसी ने सुनियोजित तरीके से शव को कुएं में डालकर उसे ढक दिया होगा। इस आशंका को लेकर क्षेत्र में भय और आक्रोश का माहौल बना हुआ है। पुलिस का कहना है कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है तथा शव की पहचान कराने का प्रयास जारी है। पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# लोकदल के कार्यालय स्वर्गीय चौधरी अजीत सिंह को दी श्रद्धांजलि

स्वास्तिक सहारा ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा।** राष्ट्रीय लोकदल के कार्यालय पर स्वर्गीय चौधरी अजीत सिंह की पांचवीं पुण्यतिथि पर पदाधिकारियों ने फूल माला चढ़ाकर श्रद्धांजलि दी। लोकदल के जिलाध्यक्ष जनार्दन भाटी ने कहा कि चौधरी अजीत सिंह के सामाजिक, राजनीतिक एवं किसान हितैषी कार्यों को भुलाया नहीं जा सकता है। उन्होंने सदैव समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की धारा पहुंचाने का कार्य किया। उनके विचार और सिद्धांत आज भी हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। इस अवसर महेश आर्य, अजीत सिंह दौला, मनवीर भाटी, अनीता चौधरी, प्रियंका अत्रि, हरवीर सिंह तालान, निशांत भाटी युवा जिला अध्यक्ष, रूबी जादौन, रिजवाना मेवाती, हरिओम भाटी, विशाल नागर, अमित तोमर, मनोज चौधरी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# यूपी रेरा के नए आदेश से ट्रांसफर चार्ज में राहत, बिल्डरों की मनमानी पर रोक

## नोएडा हाईराइज फेडरेशन ने किया स्वागत

स्वास्तिक सहारा ब्यूरो



**नोएडा।** नोएडा हाईराइज फेडरेशन ने यूपी रेरा द्वारा 25 मार्च 2026 को लागू किए गए नए आदेश का स्वागत किया है, जिसमें रेगुलेशन 47 में संशोधन कर ट्रांसफर चार्ज पर अधिकतम सीमा तय की गई है। फेडरेशन ने इसे उपभोक्ता हित में मील का पत्थर बताया। फेडरेशन के अध्यक्ष श्निखिल सिंघल ने कहा की यूपी रेरा द्वारा 25 मार्च 2026 को लागू किया गया नया आदेश उपभोक्ताओं के लिए बहुत बड़ी राहत है। रेगुलेशन 47 में संशोधन के बाद अब बिल्डर मनमानी ट्रांसफर चार्ज नहीं वसूल सकेंगे। उन्होंने बताया की ब्लड रिलेशन/परिवार के सदस्य को ट्रांसफर की अधिकतम प्रोसेसिंग फीस सिर्फ 1,000 और इसके लिए मृत्यु प्रमाण पत्र, उत्तराधिकार प्रमाण पत्र और अन्य वारिसों का एनओसी देना अनिवार्य होगा। थर्ड पार्टी/गैर-परिवार को ट्रांसफर पर अधिकतम फीस 25,000 तय की गई है। ट्रांसफर के लिए नया सेल/लीज एग्रीमेंट नहीं बनेगा। पुराने एग्रीमेंट में ही एंडोर्समेंट करके बदलाव दर्ज किया जाएगा। सिंघल ने कहा की इस आदेश की जागरूकता बहुत जरूरी है क्योंकि आज भी कई बिल्डर ट्रांसफर के नाम पर उपभोक्ताओं से मनमाने और अत्यधिक चार्ज वसूल रहे हैं। यूपी रेरा के इस स्पष्ट निर्देश के बाद ये पूरी तरह गैरकानूनी है। उन्होंने आगे कहा की हम सभी सोसाइटी निवासियों से अपील करते हैं कि रेरा के इस आदेश का हवाला देकर अतिरिक्त चार्ज देने से मना करें और यूपी रेरा में शिकायत दर्ज कराएं। पारदर्शिता और उपभोक्ता अधिकारों की रक्षा के लिए ये फैसला निर्णायक साबित होगा। यूपी रेरा के चेयरमैन संजय भूसरेड्डी के अनुसार, ये संशोधन शिकायत निवारण तंत्र को अधिक पारदर्शी, प्रभावी और उपभोक्ता-हितैषी बनाने के उद्देश्य से किए गए हैं।

# सम्पादकीय

## वैचारिक जनादेश का संदेश

पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु के हालिया चुनाव परिणाम केवल सत्ता परिवर्तन की कहानी नहीं हैं, बल्कि उन्हें एक बड़े वैचारिक बदलाव के रूप में भी देखा जा रहा है। बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की जीत को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की लंबे समय से चली आ रही वैचारिक यात्रा की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है, वहीं तमिलनाडु में छह दशक से अधिक समय से प्रभावी द्रविड़ राजनीति को मतदाताओं ने नई दिशा देने का संकेत दिया है। दरअसल, संघ परिवार की वैचारिक सोच लंबे समय से देश के विभिन्न हिस्सों में राष्ट्रवादी राजनीति के विस्तार से जुड़ी रही है। जनसंघ की स्थापना के समय से ही इसके संस्थापकों का ध्यान उन क्षेत्रों पर रहा, जिन्हें वे राष्ट्रीय एकता की दृष्टि से महत्वपूर्ण मानते थे। जनसंघ के प्रमुख नेता डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जम्मू–कश्मीर के विशेष प्रावधानों के विरोध में आंदोलन चलाया और 'एक देश, एक विधान, एक निशान, एक प्रधान' का नारा दिया। इसी आंदोलन के दौरान उनकी शहादत भी हुई, जिसने इस विचारधारा को और अधिक मजबूती दी। समय के साथ राजनीतिक परिस्थितियां बदलीं और भारतीय जनता पार्टी ने उसी वैचारिक धारा को आगे बढ़ाते हुए अपने संगठन और जनाधार का विस्तार किया। आज स्थिति यह है कि भाजपा और उसके सहयोगी दल देश के अधिकांश राज्यों में सत्ता या प्रभाव की स्थिति में हैं। बंगाल, असम और पूर्वोत्तर में मिली सफलता को इसी व्यापक राजनीतिक विस्तार का प्रतीक माना जा रहा है। जम्मू–कश्मीर में भी प्रशासनिक व्यवस्था के कारण केंद्र सरकार का प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि वर्तमान परिदृश्य कुछ हद तक उस दौर की याद दिलाता है, जब कांग्रेस का पूरे देश में व्यापक प्रभाव हुआ करता था। आज भाजपा और एनडीए गठबंधन देश के बड़े हिस्से में शासन कर रहे हैं और राष्ट्रीय स्तर पर कई बड़े राजनीतिक एजेंडे सामने रखे गए हैं। इनमें 'एक देश, एक चुनाव', समान नागरिक संहिता, नए परिसीमन की प्रक्रिया, बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान और महिलाओं के लिए आरक्षण जैसे मुद्दे प्रमुख हैं। हालांकि इन विषयों को लागू करना राजनीतिक और सामाजिक दृष्टि से चुनौतीपूर्ण भी माना जा रहा है। दूसरी ओर तमिलनाडु का जनादेश भी वैचारिक रूप से काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। 1960 के दशक से वहां द्रविड़ आंदोलन की राजनीति मजबूत रही है। 1967 के बाद से कांग्रेस वहां सत्ता में वापसी नहीं कर सकी और द्रमुक तथा अन्नाद्रमुक जैसे दल लंबे समय तक राजनीति के केंद्र में बने रहे। इस आंदोलन की बुनियाद समाज सुधारक ई.वी. रामासामी नायकर, जिन्हें पेरियार के नाम से जाना जाता है, ने रखी थी। उन्होंने जाति व्यवस्था, ब्राह्मणवाद, अंधविश्वास और सामाजिक असमानता के खिलाफ 'आत्मसम्मान आंदोलन' चलाया और सामाजिक न्याय की राजनीति को नई दिशा दी।

## दैनिक राशिफल

**मेष : चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, आ।**
निवेश के सुखद परिणाम आएंगे। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। किसी बड़ी बाधा के दूर होने से प्रसन्नता रहेगी।

**वृषभ : इ, उ, ए, ओ, वा, वी, वु, वे, वो।**
कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय बनी रहेगी। व्यस्तता रहेगी। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे।

**मिथुन : का, की, कु, घ, ङ, छ, के, को, हा।**
व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। भाग्य का साथ रहेगा।

**कर्क : ही, हे, हु, हो, डा, डी, डू, डे, डो।**
कारोबार में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। नए व्यापारिक अनुबंध होंगे। धनार्जन होगा।

**सिंह : मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे।**
कोर्ट व कचहरी के कार्य अनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। परिवार के साथ समय अच्छा व्यतीत होगा।

**कन्या : टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो।**
धनलाभ के अवसर प्राप्त होंगे। आय में निश्चितता होगी। ऐश्वर्य पर व्यय होगा।

**तुला : रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, ते।**
जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। सुख के साधन जुटेंगे। कारोबार में वृद्धि होगी। निवेशादि शुभ रहेंगे।

**वृश्चिक : तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू।**
आय में वृद्धि होगी। भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी। कोई बड़ा लाभ हो सकता है। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे।

**धनु : तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू।**
भागदौड़ रहेगी। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा।

**मकर : भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, गा, गी।**
आज लेन–देन में विशेष सावधानी रखें। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। दु:खद समाचार मिल सकता है।

**कुंभ : गू, गे, गो, सो, सी, सू, स, से, दा।**
पराक्रम बढ़ेगा। आय में वृद्धि होगी। पराक्रम बढ़ेगा। किसी बड़े काम को करने में रुझान रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी।

**मीन : दी, दू, थ, झ, यं, दे, दो, चा, ची।**
आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। विवेक से कार्य करें। विरोधी सक्रिय रहेंगे। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। शुभ समाचार प्राप्त होंगे।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक पुरुषोत्तम पाण्डेय द्वारा मौनेक्स ऑफसेट प्रिंटिंग प्रेस, बी-12, निकट एमएमजी अस्पताल, शंभू दयाल काम्पलेक्स, जीटी रोड, गाजियाबाद से मुद्रित एवं 498 प्रथम तल, मैत्री लेन, सैक्टर-5, वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित।
सम्पादक : विजय प्रकाश पाठक
Mob : 9910460742
website : www.swastiksahara.com
E-mail : swastiksaharanews@gmail.com

विधि सलाहकार
टेट्रा लीगल एलएलपी, लॉ फर्म, नई दिल्ली
मो. नं.: +91 99990 74369
ओमीलाल वर्मा (एडवोकेट)
मो. नं.: 98109 03664

City Office:
11, Maliwara, Near Pyarelal Park, Vasant Road, Ghaziabad-201001 Phone : 0120-4252839

# बंगाल विजय: संघ की जमीनी साधना शांति से शक्ति तक

**ललित गर्ग**

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ऐतिहासिक, अद्भुत, अविस्मरणीय एवं करिश्माई जीत के पीछे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (संघ) की बहुत बड़ी भूमिका रही है। निश्चिततौर पर इस शानदार जीत के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं गृहमंत्री अमित शाह मुख्य भूमिका में हैं। लेकिन बंगाल में ममता बनर्जी की मजबूत चुनौती के सामने भाजपा की जीत के लिए संघ लंबे समय से मेहनत कर रही थी और उसकी वह मेहनत ही जीत का सशक्त माध्यम बनी है। पश्चिम बंगाल में लगातार चल रही हिन्दू विरोधी गतिविधियों एवं मुसलमानों के बढ़ते वर्चस्व को देखते हुए संघ ने इस चुनाव के मद्देनजर बहुत पहले से ही कमर कस ली थी, संघ ने पश्चिम बंगाल में 1.75 लाख से अधिक छोटी-बड़ी बैठकें आयोजित कीं। पिछले 15 सालों में संघ ने पश्चिम बंगाल में तेजी से विस्तार किया है और एक मजबूत 'हिंदू वोट बैंक' तैयार किया है। पश्चिम बंगाल में पिछले 15 वर्षों में संघ की शाखाओं की संख्या 900 से बढ़कर 5,000 तक पहुंच गई है। संघ के स्वयंसेवकों ने पश्चिम बंगाल में घर-घर जाकर 'बंग बचाओ' इस थीम पर 'मतदाता जागरूकता अभियान' चलाया। संघ की माइक्रो प्लानिंग ने बंगाल में भाजपा को ऐतिहासिक बढ़त दिलाई और सत्ता परिवर्तन का माध्यम बनी। पश्चिम बंगाल चुनाव भाजपा के लिए एक ऐतिहासिक 'मील का पत्थर' और ऐतिहासिक सफलता साबित हुआ।

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के नतीजों ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि राजनीति केवल बड़े मंचों, विशाल रैलियों और जोरदार नारों से तय नहीं होती। कई बार असली लड़ाई उन स्तरों पर लड़ी जाती है, जहां न कैमरे पहुंचते हैं और न ही जमीनी प्रयास सुर्खियां बनती हैं। इस बार के चुनाव में एक ऐसी ही खामोश रणनीति कारगर साबित हुई है। जहां एक ओर ममता बनर्जी और उनकी पार्टी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) का आक्रामक चुनाव प्रचार केंद्र में रहा, वहीं दूसरी ओर संघ से जुड़े कार्यकताओं ने अपेक्षाकृत शांत रहकर 'निःशब्द विप्लव' या 'मूक क्रांति' को अंजाम देते हुए जमीनी स्तर पर अपनी पकड़ मजबूत करने पर ध्यान दिया। बंगाल की अस्मिता, विकास और सांस्कृतिक पहचान जैसे मुद्दों को आधार बनाकर जनजागरण अभियान चलाया गया। इस दौरान महिला, युवा, प्रबुद्ध वर्ग, किसान, श्रमिक और अनुसूचित जाति-जनजाति समुदायों तक अलग-अलग तरीकों से पहुंचने की कोशिश की गई। निश्चिततौर पर पश्चिम बंगाल की राजनीति ने वर्ष 2026 में जो ऐतिहासिक करवट ली, वह केवल सत्ता परिवर्तन की घटना नहीं है, बल्कि एक गहरे सामाजिक, सांस्कृतिक और वैचारिक परिवर्तन का संकेत भी है। लंबे समय तक वामपंथी प्रभाव और उसके बाद ममता बनर्जी के नेतृत्व में ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस का वर्चस्व रहा, लेकिन इस बार जनमत ने जिस प्रकार से भाजपा के पक्ष में निर्णायक रूप से झुकाव दिखाया, उसने स्थापित राजनीतिक धारणाओं को चुनौती दी है। इस परिवर्तन के मूल में जो शक्ति को सबसे अधिक



महत्वपूर्ण मानी रही है तो वह है राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, जिसने एक अदृश्य लेकिन अत्यंत प्रभावशाली भूमिका निभाई है। यह विजय केवल चुनावी रणनीतियों का परिणाम नहीं, बल्कि वर्षों से चल रहे संगठनात्मक परिश्रम, वैचारिक विस्तार और समाज के भीतर गहराई तक किए गए संवाद का परिणाम है। पश्चिम बंगाल में संघ का विस्तार किसी तात्कालिक राजनीतिक उद्देश्य से प्रेरित नहीं था, बल्कि यह एक दीर्घकालिक सामाजिक दृष्टि का हिस्सा था। पिछले डेढ़ दशक में संघ ने प्रांत में जिस प्रकार अपनी शाखाओं का विस्तार किया और समाज के विभिन्न वर्गों तक अपनी पहुंच बनाई, उसने एक मजबूत वैचारिक आधार तैयार किया। यह कार्य किसी प्रचार की तरह नहीं, बल्कि एक शांत सामाजिक प्रक्रिया एवं क्रांति की तरह हुआ, जिसने धीरे-धीरे जनमानस को प्रभावित किया। यही कारण है कि जब चुनाव का समय आया, तो एक पहले से तैयार मानसिकता भाजपा के पक्ष में खड़ी दिखाई दी।

इस पूरे परिदृश्य में सरसंघचालक मोहन भागवत की रणनीतिक दृष्टि को भी विशेष रूप से रेखांकित किया जाना चाहिए। उन्होंने बंगाल को केवल एक राजनीतिक इकाई के रूप में नहीं, बल्कि एक सांस्कृतिक भूमि के रूप में देखा, भारत की अस्मिता के रूप में देखा। जिसकी अपनी विशिष्ट पहचान और परंपराएं हैं। संघ के प्रयासों में यह स्पष्ट दिखाई देता है कि उसने बंगाल की सांस्कृतिक चेतना को समझने और उससे जुड़ने का प्रयास किया। दुर्गा पूजा, काली पूजा और रामनवमी जैसे पर्वों को सामाजिक एकता और सांस्कृतिक गौरव के प्रतीक के रूप में प्रस्तुत किया गया, जिससे एक व्यापक सामाजिक जुड़ाव स्थापित हुआ। इस प्रक्रिया में हिंदुत्व को किसी बाहरी विचारधारा के रूप में नहीं, बल्कि बंगाल की सांस्कृतिक आत्मा के एक स्वाभाविक विस्तार के रूप में प्रस्तुत किया गया। लंबे समय तक यह धारणा बनी रही कि बंगाली अस्मिता और हिंदुत्व परस्पर विरोधी हैं, लेकिन इस चुनाव में यह धारणा काफी हद तक टूटती हुई दिखाई दी। 'जय राम' के साथ 'जय मां काली' और 'जय मां दुर्गा' जैसे नारों का समन्वय केवल राजनीतिक नारा नहीं था, बल्कि एक सांस्कृतिक संदेश था, जिसने यह स्थापित किया कि क्षेत्रीय पहचान और व्यापक सांस्कृतिक विचारधारा के बीच कोई टकराव नहीं है। इस समन्वय ने मतदाताओं के भीतर एक नई प्रकार की आत्मजागरूकता उत्पन्न की, जहां वे केवल विकास या योजनाओं के आधार पर नहीं, बल्कि अपनी पहचान, सुरक्षा और सांस्कृतिक गौरव के आधार पर भी निर्णय लेने लगे।

चुनाव के दौरान जिस प्रकार से 'अस्तित्व' एवं 'अस्मिता' का विमर्श उभरा, उसने इस पूरे राजनीतिक परिदृश्य को एक नई दिशा दी। संघ और भाजपा ने इसे केवल एक चुनावी मुकाबले के रूप में प्रस्तुत नहीं किया, बल्कि एक वैचारिक संघर्ष के रूप में स्थापित किया, जिसमें पहचान और सम्मान के प्रश्न प्रमुख हो गए। ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस पर लगाए गए तुष्टिकरण के आरोपों ने इस विमर्श को और तीव्र किया, जिससे मतदाताओं के बीच एक स्पष्ट ध्रुवीकरण देखने को मिला। इस पूरे प्रक्रिया में संघ ने जमीनी स्तर पर संवाद स्थापित कर इस विचार को सामाजिक स्वीकृति दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संगठनात्मक दृष्टि से भी यह चुनाव एक उदाहरण प्रस्तुत करता है कि किस प्रकार मजबूत जमीनी ढांचा चुनावी सफलता का आधार बन सकता है। बूथ स्तर तक सक्रियता, कार्यकताओं के बीच समन्वय, गुटबाजी पर नियंत्रण और नए-पुराने कार्यकताओं का एकीकरण-इन सभी पहलुओं में संघ की भूमिका महत्वपूर्ण रही। यह केवल एक राजनीतिक दल का प्रयास नहीं था, बल्कि एक व्यापक संगठनात्मक सहयोग का परिणाम था, जिसने भाजपा को एक सशक्त चुनावी शक्ति के रूप में स्थापित किया। इस जीत में नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता और अमित शाह की रणनीतिक क्षमता ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया, लेकिन इन प्रयासों को प्रभावी बनाने के लिए जिस सामाजिक आधार की आवश्यकता थी, वह संघ ने तैयार किया। यही कारण है कि यह जीत केवल शीर्ष नेतृत्व की सफलता नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर किए गए सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। इस चुनाव में बंगाल के मध्यम वर्ग का झुकाव भी एक महत्वपूर्ण संकेत के रूप में सामने आया। यह वर्ग परंपरागत रूप से विचारशील और राजनीतिक रूप से सजग माना जाता है और इसका समर्थन किसी भी राजनीतिक दल के लिए निर्णायक होता है। संघ ने इस वर्ग के बीच संवाद और जागरूकता के माध्यम से एक वैचारिक आधार तैयार किया, जिससे यह वर्ग भाजपा के समर्थन में एक मजबूत स्तंभ के रूप में उभरा। इस पूरे परिवर्तन को जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी के दृष्टिकोण और उनके सपनों के संदर्भ में भी देखा जा सकता है। उन्होंने जिस राष्ट्रवादी विचारधारा की नींव रखी थी, उसे आज बंगाल की धरती पर एक नए रूप में साकार होते हुए देखा जा रहा है। यह केवल एक राजनीतिक उपलब्धि नहीं, बल्कि एक वैचारिक निरंतरता का प्रतीक भी है।

अंततः यह स्पष्ट होता है कि पश्चिम बंगाल 2026 का चुनाव केवल एक चुनावी घटना नहीं, बल्कि एक व्यापक सामाजिक और वैचारिक परिवर्तन का प्रतीक है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने जिस प्रकार से वर्षों तक धैर्य और अनुशासन के साथ समाज के भीतर कार्य किया, वह आज परिणाम के रूप में सामने आया है।

# चुनाव परिणामों ने दिखाया नया राजनीतिक ट्रेंड, हिंदू भाजपा के साथ, मुस्लिम कांग्रेस की ओर!

**नीरज कुमार दुबे**

पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरलम, असम और पुडुचेरी में संपन्न विधानसभा चुनावों के नतीजों ने कांग्रेस और उसके सहयोगियों के लिए मिला जुला चित्र प्रस्तुत किया है। कुछ राज्यों में पार्टी को निराशा हाथ लगी, जबकि कुछ क्षेत्रों में उसे उल्लेखनीय सफलता भी मिली। इन चुनावों का एक महत्वपूर्ण पक्ष मुस्लिम उम्मीदवारों का प्रदर्शन रहा, जिसने कई राज्यों में राजनीतिक समीकरणों को नई दिशा दी है। खास तौर पर असम और केरलम में कांग्रेस तथा उसके सहयोगी दलों के मुस्लिम प्रत्याशियों ने प्रभावशाली जीत दर्ज कर यह संकेत दिया है कि इन इलाकों में मुस्लिम मतदाताओं का भरोसा अभी भी इस गठबंधन के साथ बना हुआ है।

केरलम में कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा ने दस वर्षों के लंबे अंतराल के बाद सत्ता में वापसी की। राज्य में चुने गए 35 मुस्लिम विधायकों में से 30 संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा से संबंधित हैं। इनमें कांग्रेस के आठ और इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग के 22 विधायक शामिल हैं। यह परिणाम बताता है कि राज्य में मुस्लिम मतदाताओं ने संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा पर व्यापक भरोसा जताया। इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग की उम्मीदवार फातिमा तहलिया की जीत विशेष रूप से चर्चा में रही। उन्होंने कोझिकोड जिले की पेराम्ब्रा सीट पर माकपा नेता टीपी रामकृष्णन को पांच हजार से अधिक मतों से हराया। इस जीत के साथ वह पार्टी की पहली मुस्लिम महिला विधायक बन गईं। उनकी सफलता को मुस्लिम महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।

असम में कांग्रेस के मुस्लिम उम्मीदवारों का प्रदर्शन और भी अधिक प्रभावशाली रहा। पार्टी ने राज्य में 20 मुस्लिम उम्मीदवार उतारे थे, जिनमें से 18 ने जीत दर्ज की। इसके विपरीत कांग्रेस के अधिकांश गैर मुस्लिम उम्मीदवार हार गए और केवल एक गैर मुस्लिम प्रत्याशी को सफलता मिली। कांग्रेस ने कुल 101 सीटों पर उम्मीदवार उतारे थे, जिससे यह स्पष्ट होता है कि मुस्लिम उम्मीदवारों की सफलता दर अत्यंत ऊंची रही। कांग्रेस के सहयोगी रायजोर दल को भी दो सीटों पर जीत मिली, जिनमें एक मुस्लिम उम्मीदवार की थी, जबकि



दूसरी सीट अखिल गोगोई ने जीती। अखिल गोगोई पर राष्ट्रीय जांच एजेंसी द्वारा माओवादी गतिविधियों से जुड़े आरोपों की जांच चल रही है।

असम में कई सीटों पर कांग्रेस उम्मीदवारों ने भारी अंतर से जीत दर्ज की। गौरिपुर सीट पर कांग्रेस के अब्दुल सोबहान अली सरकार ने भाजपा समर्थित उम्मीदवार निजानुर रहमान को 19097 मतों से हराया। जलेश्वर सीट पर कांग्रेस के आफताब मोल्ला ने एआईयूडीएफ नेता शेख आलम को 109688 मतों के भारी अंतर से पराजित किया। समागुरी में तंजिल हुसैन ने भाजपा के अनिल सैकिया को 108310 मतों से हराया। इसके अलावा अलगापुर कटलीछड़ा जैसी सीटों पर भी कांग्रेस उम्मीदवारों की जीत का अंतर एक लाख से अधिक रहा। इन परिणामों ने यह संकेत दिया कि असम के कई क्षेत्रों में मुस्लिम मतदाता कांग्रेस के पक्ष में मजबूती से एकजुट हुए।

हालांकि असम में कांग्रेस की इस सफलता के बावजूद एआईयूडीएफ प्रमुख मौलाना बदरुद्दीन अजमल ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने एआईयूडीएफ को खत्म करने की कोशिश की, लेकिन अब स्वयं समाप्त हो गई है। अजमल ने यह भी कहा कि कांग्रेस अब मुस्लिम लीग बन गई है और यह स्थिति उन्हें दुखी करती है। उनका यह बयान असम की राजनीति में मुस्लिम मतों को लेकर चल रही प्रतिस्पर्धा को दशार्ता है। हम आपको यह भी याद दिला दें कि चुनाव प्रचार के दौरान असम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए उसे 'माओवादी मुस्लिम लीग कांग्रेस' करार दिया था। आखिरकार उनकी बात सही साबित हुई।

वहीं पश्चिम बंगाल में कांग्रेस को केवल दो सीटों पर जीत मिली, लेकिन दोनों सीटें मुस्लिम बहुल क्षेत्रों से थीं। पार्टी ने तृणमूल कांग्रेस की तुलना में अधिक मुस्लिम उम्मीदवार उतारे थे। वहीं तमिलनाडु में कांग्रेस ने दो मुस्लिम उम्मीदवार मैदान में उतारे, जिनमें से एक को जीत मिली। इन परिणामों से यह स्पष्ट होता है कि कांग्रेस ने कई राज्यों में मुस्लिम समुदाय को साधने की रणनीति अपनाई थी और कुछ स्थानों पर उसे इसका लाभ भी मिला।

मत प्रतिशत के आंकड़े भी इन चुनावों की राजनीतिक दिशा को स्पष्ट करते हैं। असम में भाजपा को 37.81 प्रतिशत मत मिले, जबकि कांग्रेस को 29.84 प्रतिशत मत प्राप्त हुए। दूसरी ओर केरलम में कांग्रेस और इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग को मिलाकर कुल 39.80 प्रतिशत मत मिले। इससे यह स्पष्ट होता है कि केरलम में संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा को व्यापक जनसमर्थन प्राप्त हुआ।

बहरहाल, इन विधानसभा चुनावों ने यह संकेत दिया है कि देश की राजनीति में धार्मिक और सामाजिक आधार पर मतदाताओं का ध्रुवीकरण और अधिक स्पष्ट होता जा रहा है। एक ओर जहां भाजपा को व्यापक रूप से हिंदू मतदाताओं का समर्थन मिलता दिखाई दे रहा है, वहीं दूसरी ओर मुस्लिम समुदाय का झुकाव फिर से कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों की ओर बढ़ता नजर आ रहा है। खासकर असम और केरलम में मुस्लिम उम्मीदवारों की उल्लेखनीय सफलता ने कांग्रेस को नई राजनीतिक ऊर्जा दी है। वहीं भाजपा और अन्य दलों द्वारा कांग्रेस पर तुष्टीकरण तथा वोटबैंक की राजनीति के आरोपों ने इस बहस को और तेज कर दिया है। आने वाले समय में यह राजनीतिक प्रतिस्पर्धा और अधिक तीखी हो सकती है, क्योंकि विभिन्न दल अपने अपने सामाजिक आधार को मजबूत करने की कोशिश में जुटे हुए हैं।

# मुफ्त बांट से पिसती है अर्थव्यवस्था

**डा. वरिंदर भाटिया**

देश में मुफ्त बांट यानी फ्रीबीज की घोषणाएं इन दिनों सामाजिक गलियारों में एक प्रमुख चर्चा और चिंता का विषय बनी हुई हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने भी सत्ताधीशों द्वारा मुफ्त की चीजें इत्यादि बांटने पर गहरी नाराजगी जताई है। माननीय कोर्ट का सही मानना है कि इससे लोग काम करने की बजाय मुफ्त सुविधाओं पर निर्भर हो रहे हैं। इस तरह की योजनाएं राज्यों की अर्थव्यवस्था पर बोझ बन रही हैं। असल मे मुफ्तबांट के चक्कर में राज्यों का पूंजीगत खर्च कम हो रहा है, जिससे विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। मुफ्त बांटने के कारण कई राज्यों पर भारी कर्ज (जीडीपी का 40 फीसदी से अधिक) होने की बात सामने आई है, जहां आय का बड़ा हिस्सा सिर्फ सबसिडी में जा रहा है। एक सर्वेक्षण के अनुसार 55 फीसदी लोग मुफ्त की योजनाओं को बंद करने के पक्ष में हैं, जबकि 77 फीसदी का मानना है कि ये योजनाएं लोगों को कामचोर बना रही हैं। मुफ्त बांट के चलते देश के लगभग हर राज्य की वित्तीय हालत खराब हो रही है। केंद्र सरकार की रिपोर्ट में भी इस पर चिंता जताई गई है। अनेक राज्यों की अर्थव्यवस्था के लिए मुफ्तबांट अब बड़ा खतरा बनते जा रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट बताती है कि पिछले साल एक राज्य के विधानसभा चुनाव से पहले 38000 करोड़ रुपए खर्च किए गए। इसके बाद सरकार के पास जरूरी खर्चों के लिए पैसे ही नहीं बचे।

नतीजतन, बिजली दरें बढ़ीं, बुनियादी ढांचा से जुड़े कामकाज ठप पड़ गए। पिछले कुछ बरसों में देश में मुफ्त कल्याणकारी योजनाएं तेजी से बढ़ी हैं। इससे राजस्व खर्च बढ़ रहा है। बढ़ा हुआ राजस्व खर्च विकास कार्यों पर असर डालता है। सडक, पुल, बांध जैसे इंफ्रा प्रोजेक्ट पर यही पैसा लगाया जा सकता था। ऐसा नहीं होने पर रोजगार सृजन प्रभावित होता है। स्कूल-कॉलेज और कौशल विकास में सुस्ती से भविष्य में तरक्की धीमी हो सकती है। व्यवस्था ऐसी योजनाओं के आर्थिक दबाव में आएगी, फिर आर्थिक तरक्की कैसे होगी? अगले दो वर्षों में हमारे सामने आर्थिक मोर्चे पर सबसे बड़ी चुनौती हो सकती है। साथ ही, अगले साल की शुरूआत में आठवें वेतन आयोग के तहत नया वेतनमान लागू करना होगा, जिससे राज्यों को भी वेतन बढ़ाना पड़ेगा। यह वर्ग बड़ा वोटर भी है। सीमित खजाने और सिकुड़ते संसाधनों के बीच मुफ्त योजनाओं और विकास कार्यों का संतुलन बनाए रखना सरकार के लिए बड़ी चुनौती बन गया है। आर्थिक दबाव, महंगाई और चुनावी योजनाओं का तालमेल अब कठिन होता दिख रहा है। पिछले दिनों कई राज्यों में लोकलुभावन वादे पूरे




करने में बजट की समस्या देखने को मिली। वोटरों को लुभाने के लिए फ्रीबीज अर्थव्यवस्था के लिए ठीक नहीं है। फ्रीबीज यानी रेवड़ी में अक्सर वे चीजें होती हैं, जो लोगों को सक्षम बनाने का काम नहीं करतीं। हमें फ्रीबीज को तरक्की के वादों से अलग करना होगा।

अगर हम अपने संविधान की बात करें, तो उसके एक अनुच्छेद में साफ लिखा है कि राज्य को लोगों की आमदनी में असमानता कम करने की कोशिश करनी चाहिए। उसे स्टेटस, सुविधाओं और मौकों में जो नाइंसाफी है, उसे खत्म करने की कोशिश करनी चाहिए। इस नजरिए से देखें, तो बहुत जरूरी हो जाता है कि कुछ ऐसी चीजें हों जो लोगों की जिंदगी का स्तर ऊपर उठाएं और उनके लिए मौके बनाएं। नौकरी पैदा करना, रोजगार देना, या स्किल डिवेलप करना- ये राज्य की कुछ अहम जिम्मेदारियां हैं। लेकिन फ्रीबीज कल्चर के साथ दिक्कत यह है कि इसमें आप तरक्की के लिए सही माहौल नहीं बना रहे होते।

आप एक आलसी और बेकार वर्कफोर्स बनाते हैं, जो बस घर पर बैठकर सबसिडी का मजा लेगी। न तो आप वर्कफोर्स को ट्रेनिंग दे रहे हैं, न ही उनके लिए ऐसे मौके बना रहे हैं, जिनमें वे किसी तरह से राष्ट्रीय आय और ग्रोथ में योगदान दे सकें। यही वह बिंदु है, जहां रोजगार के हालात बनाने या स्किल्ड लेबर तैयार करने और उस लेबर को बेकार बैठा देने के बीच फर्क साफ दिखता है। इकॉनमी के लिए यह स्थिति उलटी पड़ती है कि लोगों को घर बैठाकर उन्हें कुछ रुपए तक दे दिया जाए।

असली वेलफेयर ऑफर हैं, जो सच में भलाई करते हैं। भलाई आप तब कर सकते हैं, जब आप लोगों के लिए रोजगार और स्वरोजगार पैदा करें, बेहतर सामाजिक सुरक्षा यानी सोशल सिक्योरिटी दे और सोशल सिक्योरिटी तब देनी चाहिए, जब कोई मुसीबत में हो, या फिर बुजुर्गों के लिए बेहतर सोशल सिक्योरिटी बनानी चाहिए। ये ठीक नहीं कि आप जवान आबादी को, चाहे वह लडका हो या लडकी, घर पर बैठा दो और सिर्फ इसलिए फ्रीबीज दे दो, ताकि वे आपके लिए वोट करें। ऐसा करके आप न सिर्फ बेकार लेबर बना रहे हैं, बल्कि सिस्टम में एक तरह का नुकसानदेह लेबर बना रहे हैं, जो आलसी हो जाता है। ऐसे लोग फिर दूसरी तरह की गलत हरकतों में पड़ जाते हैं, क्योंकि उनके पास करने को कुछ नहीं होता। 2019 में एक राजनीतिक दल ने अपने इलेक्शन मेनिफेस्टो में कहा था कि वह गरीबी रेखा से नीचे वालों को हर साल निश्चित रुपए देगा। ध्यान रहे कि यह टारगेटेड या यूनिवर्सल बेसिक इनकम भी फ्रीबीज का ही एक रूप है। इतना पैसा देना भी इकनॉमिक्स में एक फिनॉमिना को जन्म देता है, जो खासकर विकासशील और अविकसित देशों में देखा जाता है। इसे कहते हैं 'बैकवर्ड बेंडिंग लेबर सप्लाई कर्व', इसका मतलब ये कि लोग खुद मेहनत करने की कोशिश ही नहीं करेंगे।

अगर उन्हें बिना कुछ किए इतना पैसा मिल रहा है, तो वे प्रोडक्टिव कामों में हिस्सा क्यों लेंगे? यूनिवर्सल बेसिक इनकम विकसित देशों में काफी जगहों पर चलता है, लेकिन वहां का सिस्टम अलग है। वहां सोशल सिक्योरिटी का लेवल बहुत ऊंचा है, और वह ज्यादा बराबरी वाला है। साथ ही, उन देशों की प्रति व्यक्ति आय भी एक खास लेवल तक पहुंच चुकी है। हालांकि यूनिवर्सल बेसिक इनकम विकसित देशों में काफी जगहों पर चलता है, लेकिन वहां का सिस्टम अलग है। वहां सोशल सिक्योरिटी का लेवल बहुत ऊंचा है, और वह ज्यादा बराबरी वाला है। साथ ही, उन देशों की प्रति व्यक्ति आय भी एक खास लेवल तक पहुंच चुकी है। लेकिन यहां अगर हम फ्रीबीज के चक्कर में पड़ गए तो हम अपनी डेमोग्राफिक डिविडेंड, यानी अपनी जवान आबादी का फायदा नहीं उठा पाएंगे।

हमारी 65 फीसदी आबादी 30 साल से कम उम्र की है, और 55 फीसदी से ज्यादा आबादी 25 साल से कम की। हमारा डेमोग्राफिक डिविडेंड वर्ष 2045-2047 तक रहेगा, फिर खत्म हो जाएगा। हमें एक दिन इस मुफ्तबांट के कल्चर से बाहर निकलना ही होगा। क्यों न ऐसे हालात बनाए जाएं, जिसमें हमारी वर्कफोर्स सिर्फ देश की राष्ट्रीय आय में योगदान ही न दे, बल्कि सही मायने में रोजगार भी पाए। हमें तो यह भी विचारना होगा कि मुफ्त बांट से क्या हमारी कार्य संस्कृति पर नकारात्मक प्रभाव तो नहीं पड़ेगा।

# रॉबर्ट्सगंज नगर पालिका क्षेत्र में जल निकासी हेतु बन रहे नाले का जिलाधिकारी ने किया औचक निरीक्षण

## जिलाधिकारी ने गुणवत्ता व समयबद्ध निर्माण के दिये सख्त निर्देश

स्वास्तिक सहारा ब्यूरो



**सोनभद्र।** रॉबर्ट्सगंज नगर पालिका क्षेत्र में जल निकासी व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने हेतु निर्मित किए जा रहे नाले का जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति एवं गुणवत्ता का गहनता से जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने प्रोजेक्ट मैनेजर सी0एन0डी0एस0 को निर्देशित करते हुए कहा कि नाले का निर्माण कार्य हर हाल में आगामी बरसात से पूर्व पूर्ण कराया जाए, ताकि वर्षा के दौरान जलभराव की समस्या से आमजन को राहत मिल सके। उन्होंने कार्य में तेजी लाने के साथ-साथ गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने पर जोर दिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में प्रयुक्त होने वाली सामग्री की गुणवत्ता की जांच थर्ड पार्टी से कराई जाए, जिससे कार्य की पारदर्शिता एवं गुणवत्ता सुनिश्चित हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या मानकों की अनदेखी बिल्कुल स्वीकार नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि यदि निर्माण कार्य में गुणवत्ता में कमी या लापरवाही पाई जाती है तो संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी।

उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्य को समयबद्ध एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे रोहित यादव, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी संतपाल वर्मा, तहसीलदार सदर अमित सिंह, प्रोजेक्ट मैनेजर सी0एन0डी0एस0 रमेश चन्द्र मौर्य सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# तीन राज्यों के विधानसभा चुनावों में भाजपा की जीत पर सांसद एवं जिला अध्यक्ष को बधाई



**नोएडा (स्वास्तिक सहारा)।** अखिल भारतीय अग्रवाल वैश्य मित्र मंडल एवं पोरवाल समाज सेवा समिति रजिस्टर्ड दिल्ली ने तीन राज्यों के विधानसभा चुनावों में भाजपा की जीत पर सांसद डॉ महेश शर्मा एवं जिला अध्यक्ष महेश चौहान को कैलाश अस्पताल सभागार सेक्टर 27 मे पहुंच कर बधाई दी। सांसद डॉ महेश शर्मा एवं महानगर अध्यक्ष महेश चौहान को राधा कृष्ण गर्ग, सुधीर चंद्र पोरवाल, मनोज गुप्ता, नवीन पोरवाल, अमित पोरवाल, दिलीप वैश्य, सुरेन्द्र गर्ग, मुकेश गुप्ता, मधु वैश्य एवं रचना जैन ने अंग वस्त्र पहनाकर एवं पुष्प गुच्छ दे कर जीत की बधाई एवं शुभकामना दी। पोरवाल समाज सेवा समिति रजिस्टर्ड दिल्ली की ओर से राष्ट्रीय मुख्य संरक्षक सुधीर चन्द्र पोरवाल नें तीन राज्यों के विधानसभा चुनावों में भाजपा की जीत पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता, गृह मंत्री अमित शाह की कुशल रणनीति, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा हिंदुओं को जागृत करना, सुनील बंसल एवं भूपेन्द्र यादव द्वारा कार्यकताओं को एकजुट कर बूथ मैनेजमेंट करना और बंगाल के लोगों में भरोसा पैदा करने एवं कानून व्यवस्था में कोई कमी न रहे इसके लिए पुलिस विभाग के बड़े अधिकारी अजय पाल शर्मा को भेजना के कारण मिली।

# ऋषि चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा बच्चों को वस्त्र वितरण किया गया



**नोएडा (स्वास्तिक सहारा)।** ऋषि चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा जे.जे कॉलोनी सेक्टर 5 में रहने वाले जरूरतमंद एवं वंचित बच्चों के लिए वस्त्र वितरण किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को स्वच्छ एवं अच्छे वस्त्र उपलब्ध कराना और उनके चेहरे पर मुस्कान लाना था। ट्रस्ट की संस्थापक भारती नेगी ने इस अवसर पर बच्चों से बातचीत कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने बताया कि ट्रस्ट का लक्ष्य ऐसे बच्चों को शिक्षा, संस्कार और आवश्यक सुविधाएं प्रदान करना है, ताकि वे भी समाज की मुख्य धारा से जुड़कर एक बेहतर भविष्य बना सकें। कार्यक्रम के दौरान बच्चों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। सभी बच्चों ने ट्रस्ट और संस्थापक के प्रति आभार व्यक्त किया। वस्त्र प्राप्त करने के बाद बच्चों के चेहरों पर खुशी की लहर साफ दिखाई दी और पूरे क्षेत्र में सकारात्मक माहौल बन गया। यह पहल समाज में सहयोग, सेवा और संवेदना की भावना को और मजबूत करती है।

# एनसीएफ कार्यकारी अध्यक्ष शालिनी सिंह की शानदार पहल, कुश्ती की उभरती प्रतिभाओं को मिले नए पंख





स्वास्तिक सहारा ब्यूरो

**नौएडा।** नौएडा सिटीजन फोरम (एनसीएफ) की कार्यकारी अध्यक्ष शालिनी सिंह की पहल पर, रिलायंस फाउंडेशन के सहयोग से ग्राम सोरखा सैक्टर-115 में कुश्ती को बढ़ावा देने हेतु एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कोच दामीन जैकोमेली (फ्रांस) की उपस्थिति रही। इस पहल का उद्देश्य नौएडा के ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को कुश्ती के प्रति प्रोत्साहित करना तथा उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर की तकनीकों से प्रशिक्षित करना है। कार्यक्रम में विश्व स्तरीय प्रसिद्ध रेसलिंग कोच दामीन जैकोमेली ने उभरते पहलवानों को विशेष तकनीक एवं प्रशिक्षण की जानकारी प्रदान की। उन्होंने खिलाड़ियों को आधुनिक कुश्ती के गुर सिखाए और उनके कौशल को निखारने के लिए अभ्यास सत्र आयोजित किया। शालिनी सिंह ने बताया कि नौएडा के कई अखाड़े लगभग सौ वर्षों पुराने हैं लेकिन उनमें आधुनिक सुविधाओं, विशेषकर कुश्ती मैट का अभाव था। इस समस्या को देखते हुए उन्होंने बहलोलपुर और सफाबाद के अखाड़ों का दौरा कर वहां तत्काल कुश्ती मैट उपलब्ध कराए। उन्होंने कहा कि नौएडा सिटीजन फोरम द्वारा अखाड़ों के सर्वांगीण विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों से न केवल सुविधाएं बढ़ेंगी, बल्कि स्थानीय युवाओं को बेहतर प्रशिक्षण मिलेगा और वे राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकेंगे। इस अवसर पर भारतीय कुश्ती संघ, जिला गौतमबुद्ध नगर के अध्यक्ष सतपाल यादव, नौएडा सिटीजन फोरम की सचिव गरिमा त्रिपाठी, उपाध्यक्ष चक्रधर मिश्रा, इन्द्रजित पहलवान, सामाजिक कार्यकर्ता रवि यादव, जतन पहलवान, प्रमोद यादव, संजय शर्मा, अंकित पहलवान, राजेश पहलवान तथा सफाबाद टीम के सोनू यादव सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं खिलाड़ी उपस्थित रहे।

# तपती गर्मी में पक्षियों को बचाने लिए दाना-पानी का लगाया परिंडा

स्वास्तिक सहारा ब्यूरो



**नई दिल्ली।** दिल्ली डिफेंस कॉलोनी मे बेजुबान पक्षियों को पर्यावरण परिवर्तन के कारण गर्मी के मौसम में दाना-पानी की परेशानी ना रहें इसके लिए धर्म गुरुप की इस सराहनीय पहल की प्रशंसा की। पर्यावरण परिवर्तन के कारण गर्मी बढ़ने से बेजुबान पक्षियों की प्यास बुझाने और भूख मिटाने के लिए पिंटू सुथार मीडिया प्रभारी दुधेश्वरनाथ मंदिर ने पक्षियों के लिए परिंडा लगाने का कार्यक्रम रखा गया। पक्षियों के लिए परिंडा रोहित शर्मा ने परिंडे वितरित कर उनमें दाना-पानी डालकर किया गया। इस अवसर सभी स्टाफ ने कहा कि बेजुबान पक्षियों को पर्यावरण परिवर्तन के कारण गर्मी के मौसम में दाना-पानी की परेशानी ना रहें इसके लिए एक सराहनीय पहल की प्रशंसा की. उन्होंने जनता से भी गर्मी के इस मौसम में पशु- पक्षियों के लिए दाने पानी की व्यवस्था करने विजय कश्यप, मोहनसिंह, रविकुमार, लक्ष्मण भाई आदि नै अपील की है।

# अस्पताल और स्कूलों के बाहर लगे छूट सम्बंधी बोर्ड: अशोक चौहान

स्वास्तिक सहारा ब्यूरो




**नोएडा।** आज ग्राम विकास संगठन नोएडा के संयोजक डीपी चौहान के नेतृत्व में नोएडा प्राधिकरण सैक्टर- 6 प्रशासनिक कार्यालय में नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी कृष्ण करुणेश से एक प्रतिनिधिमंडल मिला। ग्राम विकास संगठन नोएडा के संयोजक डीपी चौहान ने नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी कृष्णा करूणेश को अवगत कराया की वर्ष 2015 में मुख्यमंत्री सचिवालय से पत्र जारी हुआ था। जिसमें नोएडा प्राधिकरण को निर्देशित किया गया था नोएडा प्राधिकरण के द्वारा अपने क्षेत्र अंतर्गत आने वाले सभी स्कूल एवं अस्पतालों में रिलीज डीड़ के अनुसार ग्रामीण एवं आर्थिक रूप से कमजोर लोगों हेतु प्रदान की जाने वाली सुविधाओं को 10×15 के बोर्ड पर संबंधित स्कूल एवं अस्पताल से लिखवाकर स्कूल एवं अस्पतालों के गेट पर डिस्प्ले बोर्ड लगवाना सुनिश्चित करें। ग्राम विकास संगठन नोएडा के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अशोक चौहान ने नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी कृष्ण करूणेश को बताया कि क्षेत्र के किसान इलाज के लिए निजी अस्पतालों में जाते हैं तो उन्हें छूट नहीं मिलती है। निजी अस्पतालों में छूट संबंधी बोर्ड अस्पतालों के बाहर लगवाए जाएं। नोएडा प्राधिकरण द्वारा आवंटित भूमि पर निर्मित सभी स्कूल एवं अस्पतालों को संबंधित परियोजना अभियंता द्वारा सूचित किया गया था लेकिन वर्ष 2015 से आज वर्ष 2026 चल रहा है लेकिन आज तक स्कूल और अस्पतालों के द्वारा अपने संस्थानों पर 10×15 के डिस्प्ले बोर्ड नहीं लगवाए गए हैं। निजी अस्पताल एवं स्कूलों में किसानों एवं आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्तियों का शोषण हो रहा है। ग्राम विकास संगठन नोएडा की समस्या सुनने के बाद नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी कृष्णा करूणेश ने फोन कर शोभा कुशवाहा को निर्देश दिए की तत्काल प्रभाव से नोएडा प्राधिकरण की लीज डीड की शर्तों को सभी स्कूल एवं अस्पतालों के बाहर डिस्प्ले बोर्ड पर लिखवाकर लगवाना सुनिश्चित करें। इसअवसर पर ग्राम विकास संगठन नोएडा के संयोजक डीपी चौहान, राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अशोक चौहान , सतेन्द्र गुर्जर आदि उपस्थित रहे।

# दो बाइको की टक्कर में चार लोग गंभीर रूप से घायल,चारों ट्रॉमा सेंटर रेफर

स्वास्तिक सहारा ब्यूरो

**हलिया/मीरजापुर।** ड्रमण्डगंज थाना क्षेत्र के सेमरा गड़बड़ा मार्ग पर मंगलवार को देर रात में दो बाइको की आमने-सामने की जोरदार टक्कर मे दोनों बाइको पर सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए मौके पर पहुंचे ग्रामीणों द्वारा चारों घायलों को 108 एम्बुलेंस सेवा से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया भिजवाया गया जंहा पर चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद चारों घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर उपचार हेतु ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया मध्य प्रदेश के सलरिया गांव निवासी 25 वर्षीय सुरेश अपने 30 वर्षीय साथी अखिलेश के साथ कंही जा रहे थे बाइक सवार जैसे ही सेमरा गड़बड़ा मार्ग पर पहुंचे की सामने से आ रहे ड्रमण्डगंज थाना क्षेत्र के उंटी गांव निवासी बाइक सवार 35 वर्षीय कार्तिक अपने 22 वर्षीय साथी गड़बड़ा निवासी दीपू की बाइक से जोरदार टक्कर हो गई टक्कर इतनी तेज थी की बाइक सवार नहर में गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने घटना की सूचना 108 एम्बुलेंस सेवा पर दिया सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे एम्बुलेंस सेवा के चालक मंगला व ईएमटी दीपक कुमार ने घायलों को उपचार हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर गए जंहा पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार तथा डॉक्टर रीना सिंह के द्वारा घायलों का प्राथमिक उपचार करने के उपरांत चारो घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर उपचार हेतु ट्रामा सेंटर मिजार्पुर के लिए रेफर कर दिया गया इस संबंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने बताया की सड़क दुर्घटना में घायल चार लोगों को 108 एंबुलेंस सेवा से लाया गया था प्राथमिक उपचार के बाद चारो की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर उपचार हेतु ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया।

# आईएमएस लॉ कॉलेज में एआई एवं लॉ एजेंसी पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी




स्वास्तिक सहारा ब्यूरो

**नोएडा।** आईएमएस लॉ कॉलेज, नोएडा में एआई एवं लॉ ऑफ एजेंसी विषय पर अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के दौरान देशभर से प्रतिभाशाली विधि विशेषज्ञों, शिक्षाविदों एवं विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता यूनिवर्सिटी ऑफ ऑक्सफोर्ड एवं वॉक्सन यूनिवर्सिटी से संबद्ध प्रोफेसर डॉ. साल्वाटोर टोलोन अज्जारिटी ने अपने विचार साझा किए। अपने व्याख्यान में उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और पारंपरिक विधिक सिद्धांतों के बीच विकसित हो रहे संबंधों पर विस्तार से प्रकाश डाला तथा भविष्य में विधि क्षेत्र में एआई की भूमिका पर महत्वपूर्ण चर्चा की। आईएमएस नोएडा के एडवाइजर प्रोफेसर डॉ. जे. के. शर्मा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विधि के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर रहा है। विद्यार्थियों के लिए यह आवश्यक है कि वे आधुनिक तकनीक और विधिक सिद्धांतों के समन्वय को समझें, जिससे उनका समग्र विकास सुनिश्चित हो सके। यह पहल आईएमएस नोएडा की वैश्विक शैक्षणिक उत्कृष्टता एवं नवाचार के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्ती है, जो छात्रों को बदलते विधिक परिदृश्य के अनुरूप तैयार करने में निरंतर अग्रसर है।आईएमएस नोएडा के डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. गोविंद प्रसाद गोयल ने बताया कि इस ऑनलाइन संगोष्ठी में देशभर से लगभग 100 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन विचार-विमर्श, विश्लेषणात्मक सोच और भविष्य उन्मुख विधिक चर्चा का एक सशक्त मंच साबित हुआ। कार्यक्रम का सफल संचालन आईएमएस लॉ कॉलेज के विद्यार्थी श्रेया और अमायरा सिंह द्वारा आत्मविश्वास एवं उत्कृष्टता के साथ किया गया, जिसका सभी ने सराहना की।

# अश्लील वीडियो वायरल व धर्म परिवर्तन के दबाव का आरोप, एफआईआर दर्ज

स्वास्तिक सहारा ब्यूरो

**हलिया (मिजार्पुर)।** अश्लील वीडियो वायरल करने, जबरन धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाने और जान से मारने की धमकी देने के गंभीर आरोप में हलिया थाना क्षेत्र के एक युवक के विरुद्ध पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है। मामला सामने आने के बाद क्षेत्र में तरह-तरह की चचार्एं भी शुरू हो गई हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मध्य प्रदेश के सिंगरौली जनपद के गढ़वा थाना क्षेत्र अंतर्गत रेही गांव निवासी संजय कुमार साकेत ने हलिया थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि उसकी बहन के साथ एक युवक द्वारा लगातार आपत्तिजनक व्यवहार किया जा रहा था। पीड़ित के अनुसार, उसकी बहन की शादी 15 मई 2025 को हलिया थाना क्षेत्र के एक गांव में हुई थी और वह अपने ससुराल में रह रही थी। तहरीर में बताया गया है कि हलिया थाना क्षेत्र के गौरवा गांव निवासी बबलू नामक युवक बीते लगभग चार वर्षों से उसकी बहन के संपर्क में था। इसी दौरान आरोपी ने कथित रूप से उसका आपत्तिजनक वीडियो बना लिया था। आरोप है कि आरोपी युवक लंबे समय से विवाहिता पर उससे शादी करने और उसका धर्म स्वीकार करने का दबाव बना रहा था। पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपी द्वारा बार-बार धमकी दी जा रही थी कि यदि उसकी बात नहीं मानी गई तो वह उसे जान से मार देगा और वीडियो को सार्वजनिक कर देगा। इसी क्रम में 30 अप्रैल 2026 को दिन में लगभग 11 बजे आरोपी ने उक्त अश्लील वीडियो को सोशल मीडिया के माध्यम से वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होने की जानकारी मिलने के बाद विवाहिता के ससुराल पक्ष में हड़कंप मच गया और सामाजिक बदनामी के डर से उसे मायके भेज दिया गया। घटना के बाद पीड़ित परिवार में दहशत और आक्रोश का माहौल है।

# मीतापुर में बसपा का बूथ गठन, संगठन मजबूती का दिया संदेश

स्वास्तिक सहारा ब्यूरो



**ओबरा (सोनभद्र)।** विधानसभा ओबरा 402 के सेक्टर नंबर पांच अंतर्गत मीतापुर में बूथ संख्या 29 व 30 का गठन किया गया। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में पार्टी कार्यकताओं की सक्रिय भागीदारी रही और संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बहुजन समाज पार्टी के जिला सचिव व सभासद संजय कनौजिया रहे।

विशिष्ट अतिथि के रूप में ओबरा विधानसभा प्रभारी जितेंद्र कुमार भारती एवं दूसरे विशिष्ट अतिथि शिवकुमार गौड़ मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष कृष्ण कुमार गिरी ने की। इस मौके पर सेक्टर अध्यक्ष के रूप में सुगेद प्रसाद व सुरेंद्र को जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं बूथ उपाध्यक्ष के रूप में छोटे लाल, दूधनाथ, बबीता, प्रमिला व सुनीता को तथा सचिव पद पर भी पदाधिकारियों का चयन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि संजय कनौजिया ने कहा कि पार्टी की मजबूती का आधार बूथ स्तर होता है। जब तक हम बूथ स्तर पर मजबूत नहीं होंगे, तब तक बड़ी जीत संभव नहीं है। सभी कार्यकर्ता पूरी लगन और ईमानदारी से संगठन को मजबूत करने में जुटें। वहीं ओबरा विधानसभा प्रभारी जितेंद्र कुमार भारती ने कहा कि आने वाले चुनावों को देखते हुए हर कार्यकर्ता की जिम्मेदारी बढ़ गई है। हमें घर-घर जाकर पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाना होगा, तभी हम बेहतर परिणाम हासिल कर सकेंगे। अध्यक्षता कर रहे कृष्ण कुमार गिरी उर्फ टाम बाबा ने कहा कि संगठन की असली ताकत कार्यकर्ता होते हैं। अगर हर कार्यकर्ता अपने बूथ को मजबूत करेगा, तो जीत निश्चित होगी। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से ईमानदारी और सक्रियता के साथ जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में सभी नव-निर्वाचित पदाधिकारियों ने संगठन के प्रति निष्ठा और जिम्मेदारी से कार्य करने का संकल्प लिया।

# शाखा प्रबंधक से संपर्क कर एक मुफ्त समझौता का उठाएं लाभ

**हलिया/मिजार्पुर।** उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक पूर्ववर्ती आर्यावर्त बैंक शाखा हलिया में एक मुफ्त समझौता योजना के तहत शाखा प्रबंधक से संपर्क कर छूट का लाभ उठाएं शाखा प्रबंधक आलोक जैन ने बताया कि एक मुफ्त समझौता के लिए 9 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन होना है जिस संबंध में शाखा हलिया उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक के 602 खाता धारक का कुल बकाया राशि 6 करोड़ 70 लाख है जिसका सुलह समझौता हेतु 9 मई को लोक अदालत लगती है इसके पूर्व शाखा प्रबंधक से संपर्क कर योजना के समझौता का लाभ सुनिश्चित कर सकते हैं शाखा प्रबंधक ने बकाया कि शासन द्वारा दी गई सुविधाओं का पूरा लाभ शाखा हलिया पर शाखा प्रबंधक से सम्पर्क कर लाभ उठाएं संबंधित बकाएदारों से अनुरोध है कि समय से संपर्क कर योजना का लाभ उठाएं।

# गड़बड़ा धाम मंडल की मासिक बैठक संपन्न, आगामी कार्यक्रमों व मन की बात पर हुई चर्चा

स्वास्तिक सहारा ब्यूरो

**हलिया/मिजार्पुर।** भारतीय जनता पार्टी गड़बड़ा मंडल धाम की मासिक बैठक का आयोजन बुधवार को पंचायत भवन गलरा में किया गया संगठन की मजबूती और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा हुई बैठक की अध्यक्षता मंडल पदाधिकारियों द्वारा की गई,जबकि मुख्य अतिथि के रूप में जिला कार्यसमिति सदस्य पंकज सिंह चंदेल उपस्थित रहे उन्होंने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए संगठन की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने और बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत करने पर जोर दिया बैठक में विशेष रूप से 'मन की बात' कार्यक्रम को सफल बनाने की रणनीति पर चर्चा की गई कार्यकताओं से आह्वान किया गया कि वे अधिक से अधिक लोगों को इस कार्यक्रम से जोड़ें और प्रधानमंत्री के संदेशों को आमजन तक पहुंचाएं इसके साथ ही आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों,अभियानों और जनसंपर्क गतिविधियों को लेकर भी विस्तृत विचार-विमर्श किया गया मंडल स्तर से लेकर शक्ति केंद्र तक की जिम्मेदारियों को स्पष्ट करते हुए कार्यकताओं को सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए गए इस अवसर पर मंडल पदाधिकारी,शक्ति केंद्र प्रभारी,शक्ति केंद्र संयोजक,विभिन्न मोर्चों के अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे सभी ने संगठन को और अधिक सशक्त बनाने तथा आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने का संकल्प लिया।

# 'नेशन फर्स्ट' हर नागरिक के लिए भी मार्गदर्शक सिद्धांत, क्योंकि राष्ट्र से बढ़कर कुछ भी नहीं: योगी आदित्यनाथ

## प्रयागराज में रक्षा त्रिवेणी संगम की थीम पर नॉर्थ टेक सिम्पोजियम-2026 के समापन समारोह में सम्मिलित हुए मुख्यमंत्री

स्वास्तिक सहारा ब्यूरो

**प्रयागराज।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अब लड़ाई सीमाओं से बढ़कर साइबर, स्पेस, डेटा नेटवर्क और इलेक्ट्रोमैग्नेटिक स्पेक्ट्रम तक फैल चुकी है। पारंपरिक युद्ध कौशल के साथ-साथ अब तकनीकी दक्षता, रणनीतिक सोच और मानसिक दृढ़ता भी अनिवार्य हो गई है। आज के युद्ध में कीबोर्ड, सेटेलाइट और डेटा उतने ही महत्वपूर्ण हैं, जितने पारंपरिक हथियार। दुश्मन के संचार नेटवर्क को बाधित करना तथा अपने सिस्टम को सुरक्षित रखना नई युद्ध रणनीति का आधार बन रहा है। ऐसे परिदृश्य में वही राष्ट्र आगे रहेगा, जो साहस और




तकनीक के बीच संतुलन स्थापित कर सके। नेशन फर्स्ट केवल एक नारा नहीं, बल्कि हर भारतीय सैनिक के जीवन का संकल्प है। यह हर नागरिक के लिए भी मार्गदर्शक सिद्धांत होना चाहिए, क्योंकि राष्ट्र सर्वोपरि है और उससे बढ़कर कुछ भी नहीं। सीएम योगी बुधवार को प्रयागराज में ₹रक्षा त्रिवेणी संगम₹ की थीम पर नॉर्थ टेक सिम्पोजियम (एनटीएस) 2026 के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सियाचिन की जमाने वाली ठंड हो, रेगिस्तान की तपती रेत, घने जंगलों का अंधकार या समुद्र व आकाश की अनंत चुनौतियां, हमारे सैनिक हर परिस्थिति में तत्पर रहते हैं। उनकी सतर्क निगाहों के कारण ही पूरा देश सुरक्षित और निश्चिंत रह पाता है। आधुनिक युद्ध अब केवल जल, थल और नभ तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह मल्टी-डोमेन ऑपरेशंस के युग में प्रवेश कर चुका है। युद्ध में साइबर, स्पेस और इलेक्ट्रोमैग्नेटिक स्पेक्ट्रम जैसे क्षेत्र भी उतने ही महत्वपूर्ण हो गए हैं। कीबोर्ड भी एक प्रभावी हथियार बन चुका है। दुश्मन के पावर ग्रिड, राडार, जीपीएस, बैंकिंग और कम्युनिकेशन सिस्टम को बाधित करना या अपने नेटवर्क को सुरक्षित व अभेद्य बनाना, नई सुरक्षा रणनीति का हिस्सा है। सेटेलाइट्स के माध्यम से निगरानी, खुफिया जानकारी और नेविगेशन अब युद्ध की 'आंख' और 'दिमाग' बन चुके हैं। अब लड़ाई सिग्नल्स और डेटा के माध्यम से भी लड़ी जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वैश्विक परिस्थितियों, विशेषकर युद्ध जैसी स्थितियों ने यह स्पष्ट किया है कि डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग में आत्मनिर्भरता कितनी आवश्यक है। कुछ वर्ष पहले भारत का रक्षा निर्यात लगभग 600 करोड़ रुपये ही था, लेकिन निरंतर प्रयासों से आज हमारी सामर्थ्य 38 हजार से 50 हजार करोड़ रुपये तक के रक्षा उत्पाद निर्यात करने की है।

# सर्व भारतीय ब्राह्मण महासभा द्वारा धूमधाम से मनाया गया भगवान परशुराम जन्मोत्सव



स्वास्तिक सहारा ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा।** सर्व भारतीय ब्राह्मण महासभा द्वारा महागुण मायवुड सोसायटी गौर सिटी 2 ग्रेटर नोएडा मे भगवान परशुराम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। समारोह की अध्यक्षता चंद्र बल्लभ धस्माना (रिटायर्ड फौजी) ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मथुरा से आचार्य स्वदेश स्वरूप जी महाराज ब्रह्मचारी और पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्रा रहे। वही विशिष्ट अतिथि के रूप में संगठन के राष्ट्रीय प्रभारी अंकित शर्मा एवं भाजपा के जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा की उपस्थिति रही। वही मुख्य वक्ता संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सुनील शांडिल्य रहे। आचार्य स्वदेश स्वरूप महाराज ब्रह्मचारी ने भगवान परशुराम के जीवन को बहुत अच्छे तरीके से समझाया जिसे सबने मंत्रमुग्ध होकर सुना। वही वक्ताओं ने भगवान परशुराम जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए सामाजिक एकता पर बल दिया।राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सुनील शांडिल्य ने सबको सम्मानित किया। जिला प्रभारी नवीन तिवारी ने बहुत ही सराहनीय सुव्यवस्थित संचालन किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सुनील शांडिल्य ने बताया कि टीम के सभी सदस्यों ने बहुत अच्छी व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान किया। उन्होंने उपस्थित सभी ब्राह्मण भाइयों मातृशक्ति को सफल कार्यक्रम के लिए धन्यवाद दिया। इस अवसर पर भूपेंद्र त्यागी, संदीप शर्मा, मनीष त्रिपाठी, नम्रता पाठक, योगेश जोशी, अमीश पाण्डेय, अनुकूल शर्मा, मधु तिवारी आदि के साथ बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार-प्रसार को लेकर जागरूकता किया गया वाहन रवाना, 09 मई को होगा आयोजन

स्वास्तिक सहारा ब्यूरो

**गौतमबुद्धनगर।** आगामी 09 मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं अधिक से अधिक वादों के निस्तारण को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से माननीय जनपद न्यायाधीश अतुल श्रीवास्तव ने बुधवार को प्रचार-प्रसार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह अभियान राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निदेशों के क्रम में चलाया जा रहा है। प्रचार वाहन जनपद के ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में जाकर लोगों को राष्ट्रीय लोक अदालत के महत्व, उसके लाभ एवं सरल प्रक्रिया के बारे में जागरूक करेगा, ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठाकर अपने मामलों का त्वरित निस्तारण करा सकें। इस अवसर पर जनपद न्यायाधीश ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम



से आपसी सहमति के आधार पर मामलों का शीघ्र, सस्ता और सरल समाधान संभव है। यह मंच आमजन को न्याय सुलभ कराने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कार्यक्रम के दौरान न्यायिक अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इनमें सुनील कुमार (अपर जिला जज-प्रथम), सोमप्रभा मिश्रा (अपर जिला जज-द्वितीय/विशेष न्यायाधीश, एससी/एसटी एक्ट एवं नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत), कुमार गौरव (अपर जिला जज/विशेष न्यायाधीश, पोक्सो), मयूर जैन (अपर जिला जज-चतुर्थ), आशीष कुमार चैरिसया (अपर जिला जज-पंचम), बबीता पाठक (सिविल जज सीडी), मयंक त्रिपाठी (अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट-प्रथम) तथा शिवानी रावत (सचिव, पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गौतमबुद्धनगर) सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

# भूजल दोहन रोकने को संगठन करेगा भूख हड़ताल

स्वास्तिक सहारा ब्यूरो

**दनकौर।** जिले में बढ़ते भूजल दोहन के खिलाफ करप्शन फ्री इंडिया संगठन के कार्यकताओं ने बैठक की। संस्थापक व वरिष्ठ समाजसेवी चौधरी प्रवीण भारतीय ने मंगलवार को नियाना सलेमपुर गांव में आयोजित बैठक में 11 मई से जिला मुख्यालय सूरजपुर परिसर में अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल करने की घोषणा की। उनका आरोप है कि नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना प्राधिकरण क्षेत्रों में बिल्डर विकास के नाम पर बड़े पैमाने पर निर्माण कर रहे हैं, जिससे प्राकृतिक जल स्रोत नष्ट हो रहे हैं। संगठन पिछले दो वर्षों से जिलाधिकारी, भूजल विभाग और प्रदेश सरकार से शिकायत करता आ रहा है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। बैठक में लोगों ने आंदोलन को समर्थन देने का आश्वासन दिया।

# काशी में आस्था और जनसंपर्क का संगम: सीएम योगी ने बाबा विश्वनाथ-कालभैरव के किए दर्शन, फिर नवविवाहित जोड़े को दिया आशीर्वाद





स्वास्तिक सहारा ब्यूरो

**वाराणसी।** योगी आदित्यनाथ बुधवार को एक दिवसीय दौरे पर धर्मनगरी वाराणसी पहुंचे, जहां उनका पूरा कार्यक्रम धार्मिक आस्था और जनसंपर्क गतिविधियों का संतुलित संगम रहा।दौरे की शुरूआत मुख्यमंत्री ने विश्व प्रसिद्ध काशी विश्वनाथ मंदिर में विधिवत दर्शन-पूजन के साथ की। उन्होंने मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि और जनकल्याण की कामना की। इसके बाद वे बाबा कालभैरव मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने दर्शन कर काशी की परंपरागत धार्मिक आस्था को नमन किया।धार्मिक कार्यक्रमों के बाद मुख्यमंत्री का काफिला सामाजिक कार्यक्रम की ओर बढ़ा, जहां वे बड़ा लालपुर, चांदमारी क्षेत्र में निवासी राजीव कृष्ण के आवास पहुंचे। यहां आयोजित विवाह समारोह में शामिल होकर उन्होंने नवदंपत्ति को आशीर्वाद दिया और परिजनों को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर राज्य सरकार के कई वरिष्ठ मंत्री और जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे, जिनमें अनिल राजभर, रविन्द्र जायसवाल, डॉ दयाशंकर मिश्र दयालु, हंसराज विश्वकर्मा, धर्मेंद्र सिंह, डॉ नीलकंठ तिवारी, सौरभ श्रीवास्तव एवं डॉ अवधेश सिंह प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# अश्लील वीडियो वायरल व धर्म परिवर्तन के दबाव का आरोप, युवक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

स्वास्तिक सहारा ब्यूरो

**हलिया (मिजार्पुर)।** अश्लील वीडियो वायरल करने, जबरन धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाने और जान से मारने की धमकी देने के गंभीर आरोप में हलिया थाना क्षेत्र के एक युवक के विरुद्ध पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है। मामला सामने आने के बाद क्षेत्र में तरह-तरह की चचाएं भी शुरू हो गई हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मध्य प्रदेश के सिंगरौली जनपद के गढ़वा थाना क्षेत्र अंतर्गत रेही गांव निवासी संजय कुमार साकेत ने हलिया थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि उसकी बहन के साथ एक युवक द्वारा लगातार आपत्तिजनक व्यवहार किया जा रहा था। पीड़ित के अनुसार, उसकी बहन की शादी 15 मई 2025 को हलिया थाना क्षेत्र के एक गांव में हुई थी और वह अपने ससुराल में रह रही थी। तहरीर में बताया गया है कि हलिया थाना क्षेत्र के गौरवा गांव निवासी बबलू नामक युवक बीते लगभग चार वर्षों से उसकी बहन के संपर्क में था। इसी दौरान आरोपी ने कथित रूप से उसका आपत्तिजनक वीडियो बना लिया था। आरोप है कि आरोपी युवक लंबे समय से विवाहिता पर उससे शादी करने और उसका धर्म स्वीकार करने का दबाव बना रहा था। पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपी द्वारा बार-बार धमकी दी जा रही थी कि यदि उसकी बात नहीं मानी गई तो वह उसे जान से मार देगा और वीडियो को सार्वजनिक कर देगा। इसी क्रम में 30 अप्रैल 2026 को दिन में लगभग 11 बजे आरोपी ने उक्त अश्लील वीडियो को सोशल मीडिया के माध्यम से वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होने की जानकारी मिलने के बाद विवाहिता के ससुराल पक्ष में हड़कंप मच गया और सामाजिक बदनामी के डर से उसे मायके भेज दिया गया। घटना के बाद पीड़ित परिवार में दहशत और आक्रोश का माहौल है।

# विधायक पंकज सिंह ने किया निर्माणाधीन एलीवेटेड रोड का निरीक्षण

## 892.75 करोड़ की लागत से 6 लेन एलीवेटेड रोड का हो रहा निर्माण

स्वास्तिक सहारा ब्यूरो

**नोएडा।** आज चिल्ला रेगुलेटर (दिल्ली) से महामाया पलाइओवर एम.पी.-3 मार्ग (नोएडा) तक निमार्णाधीन एलीवेटेड रोड परियोजना का विधायक पंकज सिंह ने यू.पी. ब्रिज कॉरपोरेशन व नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। बता दे की नोएडा में यातायात जाम की समस्या के समाधान हेतु 892.75 करोड़ रुपये की लागत से 5.570 किलोमीटर लंबे 6 लेन के एलीवेटेड रोड का निर्माण कार्य तेजी से प्रगतिरत है। मौके पर उपस्थित संबंधित अधिकारियों ने विधायक पंकज सिंह को अवगत कराया कि परियोजना का लगभग 50 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है। परियोजना के अंतर्गत एलीवेटेड रोड को शाहदरा ड्रेन से समानांतर आगे ले जाते हुए कालिंदी कुंज रोड को पार कर सेक्टर-94 के समीप मार्ग से जोड़ने



की योजना है। चिल्ला एलीवेटेड रोड को पुस्ता रोड से कनेक्ट करने तथा आगे पुस्ता मार्ग के सुदृढ़ीकरण के उपरांत दिल्ली के मयूर विहार से सेक्टर-150 की ओर जाने वाले ट्रैफिक को निर्बाध गति से संचालित किया जायेगा। इस मौके पर अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी (एसीईओ) वंदना त्रिपाठी, जिला महामंत्री अमित त्यागी, ओमवीर अवाना, करतार चौहान, जीएम एस पी सिंह, महाप्रबंधक कपिल सिंह, बबलू यादव, नीरज चौधरी, शशिधर उपाध्याय, विपुल शर्मा, प्रदीप यादव एवं यू.पी. ब्रिज कारपोरेशन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# आरडब्ल्यूए की बैठक में समस्याओं एवं विकास कार्यों पर किया मंथन

स्वास्तिक सहारा ब्यूरो

**नोएडा।** सेक्टर 82 ईडब्ल्यूएस पॉकेट 7 में आरडब्ल्यूए की एक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता आरडब्ल्यूए अध्यक्ष राघवेंद्र दुबे ने की। बैठक में विकास कार्यों को आगे बढ़ाने पर रणनीति तैयार की गई साथ ही पॉकेट की समस्याओं एवं उनके समाधान पर चर्चा की गई। इस अवसर पर राघवेंद्र दुबे ने बताया कि पॉकेट में स्मार्ट मीटर से आ रही परेशानियों से लोगों ने अवगत कराया। स्मार्ट मीटर में तकनीकी खामियों की वजह से वह तेज चल रहे हैं और बिल ज्यादा आ रहे हैं जिससे लोग बेहद परेशान हैं। जिन मीटरों में ज्यादा रीडिंग आ रही है उनकी शिकायत करने पर चैक मीटर लगाने के नाम पर शुल्क लिया जा रहा है जो कि गलत है। जब स्मार्ट मीटर में तकनीकी खराबी है तो यह बिजली विभाग का काम है कि वह बिना शुल्क चैक मीटर लगाए। इसके अलावा कई पोल गल चुके हैं और कई जगह केबल बाहर खुले में पड़ी है जिसको अंडर



ग्राउंड किया जाए। कई सीवर ओवर फ्लो हो रहे हैं जिससे लोगों को लगातार परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पॉकेट के अंदर की सीवर लाइन बहुत पुरानी है इसलिए यहां नई सीवर लाइन डाली जाए जिससे इस समस्या का स्थाई समाधान हो सके। सीवर के ढक्कन कई जगह टूटे हैं और कई जगह रोड से नीचे हैं उनको लेबल किया जाए। बैठक में आवारा खूंखार कुत्तों का मुद्दा भी उठा। अभी तक कई लोगों को कुत्ते काट चुके हैं लेकिन सारे प्रमाण देने के बावजूद भी लापरवाह अधिकारी सुध लेने भी नहीं आए। विभाग तभी जागेगा जब कोई बड़ी घटना हो जाएगी। पार्कों का सुंदरीकरण हो और सफाई व्यवस्था दुरुस्त रहे इस पर भी बैठक में चर्चा हुई। बैठक में उपाध्यक्ष रवि राघव, कोषाध्यक्ष सुशील पाल, गोरे लाल, उत्तम चन्द्रा, पप्पू सिंह, रमेश शर्मा, विकास कुमार, सुभाष शर्मा, राजवीर सिंह, महेंद्र सिंह, अनूप सिंह, सेंसर पाल, अंगद सिंह, नवल मिश्रा, गुड्डू चौधरी, अनूप शर्मा, हंसमणि शुक्ला, दिनेश पाठक, बीके भारद्वाज, राजेश पाठक सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# संजयनगर में श्रीमद् भागवत कथा के तृतीय दिवस पर मन व जड़ भरत कथा एवं बामन अवतार पूजन सम्पन्न





स्वास्तिक सहारा ब्यूरो

**गाजियाबाद।** संजयनगर, सेक्टर-23 स्थित एच ब्लॉक झूलेवाला पार्क में चल रही संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा के तृतीय दिवस पर श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। आज के कथा प्रसंग में मन एवं जड़ भरत की कथा का विस्तारपूर्वक वर्णन किया गया, साथ ही भगवान विष्णु के पांचवें अवतार बामन अवतार की महिमा का गुणगान किया गया।

कथा वाचन के दौरान बताया गया कि जड़ भरत की कथा हमें मन की चंचलता पर नियंत्रण एवं वैराग्य का संदेश देती है, जबकि बामन अवतार धर्म, दान और मयार्दा की स्थापना का प्रतीक है। कथा के उपरांत बामन अवतार का विधिवत पूजन एवं तिलक वंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर बच्चों से लेकर बड़ों तक सभी श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और बामन अवतार का तिलक वंदन कर भक्ति भाव से इस मनोरम दृश्य को आत्मसात किया। पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।

नामित पार्षद प्रदीप चौधरी एवं बीना चौधरी ने भी स्थानीय श्रद्धालुओं के साथ पूजन वंदन कर भगवान बामन अवतार का अभिनंदन किया तथा उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में आध्यात्मिक चेतना का प्रसार होता है और नई पीढ़ी को हमारी सनातन परंपराओं से जुड़ने का अवसर मिलता है।

कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिकों, महिलाओं एवं युवाओं की सक्रिय सहभागिता रही। कथा का समापन भजन-कीर्तन एवं आरती के साथ हुआ।

# भाजपा ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय सह प्रभारी राजेश गुप्ता के नेतृत्व में बंगाल में ऐतिहासिक जीत पर सिद्धार्थ विहार में निकली विजय यात्रा





स्वास्तिक सहारा ब्यूरो

**गाजियाबाद।** पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक एवं प्रचण्ड विजय के उपलक्ष्य में आज सिद्धार्थ विहार, गाजियाबाद में भव्य विजय यात्रा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकताओं एवं स्थानीय निवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरे क्षेत्र में जश्न का माहौल रहा और कार्यकताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी व्यक्त की।

इस विजय यात्रा के दौरान भारतीय जनता पार्टी के ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय सह-प्रभारी (निधि एवं शोध विभाग) एवं केंद्रीय कार्यालय से जुड़े राजेश गुप्ता की सक्रिय भूमिका भी विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। पार्टी द्वारा उन्हें पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के दौरान प्रवास हेतु भेजा गया था, जहाँ उन्होंने लगभग 45 दिनों तक निरंतर प्रवास किया। इस दौरान उन्होंने नॉर्थ 24 परगना जिले की 28 विधानसभा क्षेत्रों में लगातार कार्य करते हुए कार्यकताओं को संगठित किया और घर-घर संपर्क अभियान चलाया।

राजेश गुप्ता ने आम जनता को भारतीय जनता पार्टी की नीतियों, उपलब्धियों एवं संकल्प पत्र के बारे में विस्तार से अवगत कराया। उन्होंने विकास की धारा, सुशासन और जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने का कार्य किया। उनके इस समर्पित प्रयास से क्षेत्र में पार्टी के प्रति विश्वास और समर्थन और अधिक मजबूत हुआ।

पश्चिम बंगाल में मिली यह प्रचण्ड विजय न केवल कार्यकताओं की मेहनत का परिणाम है, बल्कि यह देश के विकास, सुशासन और जनविश्वास की जीत भी है। इस अवसर पर सभी कार्यकताओं एवं समर्थकों ने इसे गर्व और हर्ष का विषय बताते हुए एक-दूसरे को बधाई दी।